


आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच


पेज 7 खुशखबरी देने का सही समय...

वर्ष : 27 | अंक : 183 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, मंगलवार, 24 जून, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# इजरायल-ईरान में सीजफायर!

## सीजफायर से कुछ मिनट पहले ईरान का बड़ा हमला





**दुबई (एजेंसी)।** ईरान और इजरायल के बीच युद्ध विराम का समय शुरू हो गया। लेकिन कुछ मिनिट पहले ही ईरान ने अंतिम वक्त का इस्तेमाल करते हुए इजरायल पर मिसाइलों के जरिए भयंकर अटैक किया जिस वजह से इजरायल में बड़े पैमाने पर नुकसान और काफी लोगों के मारे जाने की आशंका है। युद्ध विराम भारतीय समय के मुताबिक सुबह 10 बजे से शुरू हो गया है। ईरानी मिसाइलों ने इजरायल के शहर येरूशलम और तेल अवीव में तबाही मचाई है। खबर है कि इस हमले में इजरायल के 6 से 7 नागरिक मारे गए हैं।

ईरान और इज़रायल के बीच आखिरकार सीजफायर पर सहमति बन गई और लागू भी हो गई है। दोनों ही देश युद्ध को समाप्त करने के लिए राजी हो गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान-इजरायल के बीच सीजफायर का ऐलान किया था। उन्होंने कहा, मिडिल ईस्ट में शांति बहाल का रास्ता साफ हो गया है। दोनों देश के बीच बीते 12 दिनों से जंग चल रही थी, लगातार हवाई हमले किए जा रहे थे। जिसकी वजह से स्थिति और तनावपूर्ण होते जा रहा था। इस दौरान दोनों ही पक्षों को जान-माल का नुक़सान हुआ।

हालांकि, अब दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति से सीजफायर पर बात बन गई है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि ईरान और इजरायल ने 12 दिनों से चले आ रहे युद्ध को बंद करने की घोषणा की है।

राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि दोनों देशों ने 'पूर्ण और संपूर्ण युद्धविराम' की घोषणा की है। दोनों देशों के बीच ये सीजफायर लागू हो गया है। इसी के साथ ही एक ऐसी जंग बंद हो गई है जिसके भड़कने पर दुनिया के कई हिस्से लड़ाई की चपेट में आ सकते थे।

## सीजफायर लागू है, इसे ना तोड़े : ट्रंप



**वांशिगटन (एजेंसी)।** ईरान की तरफ से इजरायल पर दागी गई मिसाइलों से बनी ताजा स्थिति के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर से सोशल मीडिया का सहारा लिया है। उन्होंने पोस्ट करते हुए लिखा, 'सीजफायर अब प्रभावी है. कृपया इसका उल्लंघन न करें!'

## ऑपरेशन सिंधु : इजरायल से लौटे 164 भारतीय



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑपरेशन सिंधु के तहत पश्चिम एशिया के संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों में बढ़ते तनाव के जवाब में, भारतीय वायुसेना के सी-17 विमानों ने भारतीय नागरिकों और मित्र देशों के नागरिकों को निकालने के लिए जॉर्डन और मिस्र से मिशन शुरू किया। भारतीय वायुसेना देश के भीतर और दुनिया भर में सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने ट्वीट कर बताया कि 'ऑपरेशन सिंधु' के तहत IAF C-17 विमान ने 165 भारतीय नागरिकों को इजराइल से निकाला। दिल्ली पहुंचने पर उन्हें विदेश राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने रिसीव किया। विमान 24 जून को सुबह 0845 बजे अम्मान से उतरा।



*वाराणसी में आज हो रही मध्य क्षेत्र की बैठक की केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अध्यक्षता की। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केन्द्रीय गृहमंत्री का स्वागत किया। इस बैठक में उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी, मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव, और छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णु देव साय मौजूद हैं। इस बैठक में राज्यों के वरिष्ठ मंत्री और सीनियर अधिकारी भी प्रतिभाग कर रहे हैं। वाराणसी पहुंचने पर केन्द्रीय गृहमंत्री ने भगवान शिव की नगरी अविनाशी काशी में 'काशी के कोतवाल' श्री काल भैरव जी के दर्शन-पूजन किया। इस दौरान उनके साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, कैनिबेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह व अन्य मौजूद रहे।*

## दहेज लोभियों की हैवानियत से पुत्रवधु का हुआ गर्भपात

**नोएडा (चेतना मंच)।** दहेज में कार, नगदी व सोने की चेन न मिलने पर ससुराल वालों ने महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। ससुराल वालों की पिटाई से गर्भपात होने सहित कई गंभीर आरोप भी लगाए हैं। थाना दादरी में पति समेत 7 ससुराल वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

थाना क्षेत्र के गांव की रहने वाली प्रिया (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उसकी शादी 28 फरवरी 2019 को आकाश उर्फ पप्पू निवासी बादशाहनगर के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही उसके पति आकाश उर्फ पप्पू तथा ससुराल वालों ने उसे कम दहेज लाने के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। ससुराल वाले उसे पर मायके से गाड़ी, दो लाख रुपए व सोने की चेन लाने का दबाव डालने लगे। उसके द्वारा इंकार करने पर उसे तरह-तरह से प्रताड़ित किया जाने लगा। पीड़िता के मुताबिक शादी के डेढ़ साल बाद उसे एक पुत्री पैदा हुई। जिसके बाद ससुरालवालों का रवैया और उसके प्रति बदल गया।

प्रिया के देवर हरीश व पंकज दोनों उस पर गंदी नजर रखते हुए उसके साथ छेड़छाड़ करने लगे। एक दिन उसका देवर जबरन उसकी कमरे में घुस गया और उसके साथ जबरदस्ती करने का प्रयास किया। विरोध करने पर उसके देवर ने उसके पेट में लात मार दी जिससे उसका गर्भपात हो गया। **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

## दो घरों में चोरों ने लगाई सेंध

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** चोरों ने दो थाना क्षेत्रों में अलग-अलग स्थानों पर दो घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर जेवरात, नगदी व अन्य कीमती सामान को चोरी कर ले गए। थाना बीटा-2 क्षेत्र के ग्रीनवुड सोसायटी में रहने वाले मयंक चौधरी ने अपने घर में चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मयंक चौधरी के मुताबिक 21 जून को वह अपने परिवार सहित अपने पैतृक गांव जनपद शामली गए थे। अगले दिन जब वह अपने ग्रेटर नोएडा स्थित घर वापस लौटे तो उन्हें ताला टूटा हुआ मिला। घर के भीतर जाने पर पता चला कि चोर अलमारी का ताला तोड़कर जेवर व नगदी आदि को चोरी कर ले गए हैं। उन्होंने इसकी सूचना तुरंत थाना बीटा-2 पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया। **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

## ट्रैक्टर ट्राली ने उबर बाइक में मारी टक्कर, युवक की मौत

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** तेज गति में आ रही ईट से भरी ट्रैक्टर-ट्राली ने उबर टैक्सी बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक के पीछे बैठे युवक की दर्दनाक मौत हो गई और बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक के भाई ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ थाना नॉलेज पार्क में मुकदमा दर्ज कराया है।



पूर्वी लोनी रोड दिल्ली निवासी डॉ बलाधर शर्मा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनका चचेरा भाई प्रयाग दत्त शर्मा, पश्चिम विनोद नगर दिल्ली में रह रहा था। 23 जून की सुबह उसने बोटैनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन से उबर टैक्सी बाइक ली थी बाइक के पीछे बैठकर वह अपने ऑफिस के लिए जा रहा था। उनकी बाइक जैसे ही ग्राम मोमनाथल सेक्टर-150 नोएडा कट के पास पहुंची तो सामने से तेज गति में आ रही ईंटों से भरी ट्रैक्टर ट्राली का चालक अचानक **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

## तीन पेटी शराब के साथ दबोचा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बीटा दो पुलिस ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से तीन पेटी शराब बरामद हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम एटीएस गोल चक्कर के पास गश्त कर रही थी। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि सेक्टर चाई-4 के पास एक व्यक्ति शराब लिए खड़ा है जो किसी का इंतजार कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर छापा मारा उसके पास से मिले प्लास्टिक के कट्टों से तीन पेटी शराब बरामद हुई। पूछताछ में पकड़े गए शराब तस्कर ने अपना नाम अमर सिंह पुत्र हाकम सिंह बताया। आरोपी मूल रूप से जनपद बुलंदशहर का रहने वाला है और हाल में ग्रेटर नोएडा में किराए पर रह रहा था। अमर सिंह ने बताया कि वह सरकारी ठेकों से शराब खरीद कर उसे ठेके बंद होने के बाद ऊंचे दामों पर बेचता था। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है।

## बीएएलएलबी की छात्रा को भगा ले गया युवक

**नोएडा (चेतना मंच)।** अलग-अलग स्थानों से एक युवती व किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। लापता किशोरी के परिजनों ने तीन युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

थाना बिसरख क्षेत्र के एक सोसायटी में रहने वाली वंदना (काल्पनिक नाम) ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी 21 वर्षीय बेटी बीएएलएलबी की छात्रा है। 22 जून की शाम को बिहार निवासी विवेक आनंद उर्फ शुभम परमार उनकी बेटी को बहला फुसला कर भगाकर ले गया। वंदना के मुताबिक आरोपी युवक पिछले काफी समय से उनकी बेटी को फोन करके परेशान कर रहा था। उनकी बेटी पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान चल रही थी और उसका इलाज गाजियाबाद के मैक्स हॉस्पिटल में चल रहा था। पीड़िता ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उनकी बेटी को भगाकर ले जाने में शुभम परमार के बड़े भाई मोनू सिंह का भी हाथ है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर विवेक आनंद और शुभम परमार तथा मोनू सिंह के **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

## जुआ खेलते चार गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे चार जुआरियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दांव पर लगी नगदी व ताश की गड्डी बरामद हुई है।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम चार मूर्ति गोल चक्कर पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि नर्सरी के पास कुछ लोग खुलेआम जुआ खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर छापा मारा। पुलिस टीम को यहां चार लोग जुआ खेलते हुए दिखाई दिए। पुलिस टीम ने जुआ खेल रहे चारों लोगों को दबोच लिया। पूछताछ में पकड़े गए जुआरियों ने अपने नाम चंद्रशेखर, सनी, **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

## सेक्टर-144 आरडब्ल्यूए की चुनावी प्रक्रिया शुरू

### चुनाव अधिकारी ने तलब किए बाइलॉज व अन्य दस्तावेज

**नोएडा (चेतना मंच)।** विवादों में चल रहा सेक्टर-144 आरडब्ल्यूए के गठन का मामला अब डिप्टी रजिस्ट्रार के चुनाव कराने के आदेश के बाद सुर्खियों में है। डिप्टी रजिस्टार द्वारा चुनाव कराने के लिए नामित निर्वाचन अधिकारी व जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी लवेश कुमार सिसोदिया ने चुनाव की प्रक्रिया शुरू कर दी है।



श्री सिसोदिया ने 20 जून को कालातीत/कार्यरत अध्यक्ष/ सचिव आरडब्ल्यूए सेक्टर-144 को एक पत्र जारी किया है। जिसमें उन्होंने पंजीकृत एसोसिएशन के बाइलॉज/नियमावली व समस्त अभिलेखों सहित अनतिंम मतदाताओं की सूची 7 दिनों में तलब की है।

बता दें कि डिप्टी रजिस्ट्रार ने 29 जुलाई 2024 को सेक्टर-144 चुनाव कराने के लिए निर्वाचन अधिकारी नामित किया था। लेकिन 27 अगस्त 2024 में उच्च न्यायालय के दिए गए आदेश के क्रम में निर्वाचन की प्रक्रिया अग्रिम आदेश तक स्थगित कर दी गई थी। जिसके तहत अनिल कुमार के प्रार्थना पत्र 5.6.25 द्वारा उच्च न्यायालय के आदेश 27.2.2025 द्वारा उक्त आदेश को खारिज कर बहाल कर दिया गया है।

हालांकि आरडब्ल्यूए अध्यक्ष संजीव कुमार का कहना है कि उन्होंने हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देकर डिप्टी रजिस्ट्रार को पत्र भेजकर अगले आदेश तक चुनावी प्रक्रिया स्थगित करने की मांग की है। लेकिन अदालती आदेश के आलोक में अब चुनाव अधिकारी ने चुनावी प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसको लेकर आरोप-प्रत्यारोपों का दौर फिर शुरू हो गया है।

## पुनर्विकास योजना के तहत बनने वाले नये आवासीय भवनों का एफएआर भी बढ़ेगा!

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा में जर्जर हो चुके प्राधिकरण द्वारा निर्मित भवनों को तोड़कर अब नये भवन बनाये जाएंगे। इसकी शुरूआत सेक्टर-15ए से की जाएगी। हाल ही में हुई 218वीं बोर्ड बैठक में पुनर्विकास नीति को मंजूरी दी गई है।

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारिक सूत्रों की माने तो नये भवन बनने के दौरान एफएआर भी काफी बढ़ जाएगा। जिन पुराने भवनों को तोड़कर नया बनाया जाएगा उनका एफएआर 1.5 ही है। जबकि वर्तमान में बनने वाले भवनों का एफएआर 3.5 है। अब पुर्नविकास के बाद पुराने मकानों का एफएआर बढ़ाया जाएगा। पुर्नविकास योजना के तहत जिन भवनों को तोड़कर नया बनाया जाएगा उनका निर्माण 1981 के आसपास हुआ था। इस दौरान उन मकानों में रहने वालों को अन्य सहूलियत दी जाएगी।

सूत्रों का कहना है कि जल्दी ही बिल्डर का चयन किया जाएगा। इसके लिए नीति बनाई जा रही है।



फाईल फोटो

### पुराने मार्केट का भी हो सकता है पुनर्विकास

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारिक सूत्रों की माने तो 30 वर्ष या इससे अधिक पुराने आवासीय मकानों की तर्ज पर प्राधिकरण द्वारा निर्मित पुराने मार्केट का भी पुनर्विकास किए जाने पर विचार चल रहा है। इसके तहत विभिन्न सेक्टरों में बने पुराने व जर्जर मार्केट को तोड़कर नया मार्केट विकसित किया जाएगा। इस दौरान उनका आवंटन क्षेत्रफल देखकर उतनी ही बड़ी दुकान आवंटित की जाएगी। मार्केट में अन्य सहूलियत भी विकसित की जाएगी।

## घर व सब्जी मंडी से मोबाइल चोरी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** चोरों ने एक घर से मोबाइल फोन चोरी कर लिया। वहीं चोरी की दूसरी घटना को चोरों ने सब्जी मंडी में अंजाम दिया। यहां सब्जी खरीदने आए एक व्यक्ति की जेब से फोन चोरी हो गया। पीड़ितों को शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। सूरजपुर की गुर्जर कॉलोनी में रहने वाले बबलू कुमार ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह 5 जून की दोपहर को अपने कमरे में सो रहा था। कमरे का दरवाजा खुला हुआ था इस दौरान किसी चोर ने मौका पाकर उनके कमरे से मोबाइल फोन चोरी कर लिया। उसने अपने फोन की काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। इसी थाना क्षेत्र में मोहम्मद जमालुद्दीन ने भी अपने मोबाइल फोन चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है कस्बा निवासी मोहम्मद जमालुद्दीन ने बताया कि वह 3 जून की शाम को दुर्गा टॉकीज के पास सब्जी मंडी से सब्जी खरीदने के लिए गया था। सब्जी खरीदने के दौरान किसी व्यक्ति ने उसकी जेब से मोबाइल फोन चोरी कर लिया। उसने अपने मोबाइल फोन की काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। पीड़ित के मुताबिक चोरी किए गए मोबाइल के जरिए चोर ने उनके पंजाब नेशनल बैंक के अकाउंट से चार बार में 33933 रुपए निकाल लिए। जानकारी मिलने पर उन्होंने अपना फोन नंबर ब्लॉक कराया। पीड़ितों की शिकायत पर थाना सूरजपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## अमेरिका का हमला

आखिरकार ना-नुकर के प्रपंच के बाद अमेरिका ने घातक बी-2 स्टील्थ बॉम्बर्स से हमला करके ईरान की तीन न्यूक्लियर साइट तबाह करने का दावा किया है। लगता है कि ईरान का परमाणु सपना हमले के साथ ही बिखर गया है। हाल में उसके कई परमाणु वैज्ञानिक इस्राइली हमलों में मारे गए थे। एक सप्ताह पूर्व इस्राइल ने ईरान के सैन्य स्थलों, भारी जल रिएक्टर तथा नागरिक ठिकानों पर भी हमले किए हैं। इस्राइल दावा करता रहा है कि ईरान उसके अस्तित्व को मिटाना चाहता है और परमाणु बम बनाने के करीब है। वहीं अमेरिका के शीर्ष रक्षा सूत्र ईरान के पास परमाणु बम की मौजूदगी से इनकार करते हैं। हालांकि, पिछले दिनों ईरान ने परमाणु मामले पर अंतर्राष्ट्रीय बातचीत का क्रम शुरू किया था, लेकिन पहले इस्राइली और फिर अमेरिकी हमलों ने अब ऐसी किसी संभावना को खारिज कर दिया है। उल्लेखनीय है कि ईरान परमाणु अप्रसार संधि का हिस्सा नहीं है। बहरहाल, इस्राइली हमलों के जवाब में ईरान ने तेल अवीव व अन्य शहरों पर जमकर मिसाइलें बरसाई हैं। हालांकि, इस्राइल की वायुरक्षा प्रणाली ने अधिकांश को विफल कर दिया है। इस्राइल के कुछ रक्षा प्रतिष्ठान, स्कूल व अस्पताल ईरान के हमलों की जद में आए हैं। चिंताजनक बात यह है कि लगातार कबीलाई होता संघर्ष दो मुल्कों तक सीमित रहने के बजाय विस्तार लेने की स्थिति में पहुंच गया है। रूस व चीन की चिंताओं के बीच यह युद्ध दुनिया को दो खेमों में बांट सकता है। ऐसा भी नहीं है कि ईरान में सब कुछ ठीक है। निरंकुश सर्वोच्च ईरानी नेता अली खामेनेई धार्मिक कट्टरता और स्वतंत्र-प्रगतिशील सोच के दमन के लिये भी जाने जाते हैं। ईरान की बड़ी आबादी खामेनेई के खिलाफ खड़ी रही है। लेकिन इस संघर्ष का बड़ा खतरा विश्व के नये ध्रुवीकरण के रूप में सामने आ सकता है। कहा जाता रहा है कि ईरान के परमाणु व मिसाइल कार्यक्रम में रूस की बड़ी भूमिका रही है। लेकिन एक बड़ा संकट यह भी है कच्चे तेल के बड़े स्रोत मध्यपूर्व में इन हमलों के चलते पूरी दुनिया में पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में भारी उछाल आ गया है। इस संघर्ष के मूल में कच्चे तेल की कूटनीति भी रही है। मध्यपूर्व की अशांति से तेल उत्पादक महाशक्तियों को भारी मुनाफा होता है। कच्चे तेल के दामों में भारी तेजी के कारण कोरोना संकट के बाद पटरी पर लौट रही दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं को एक बार फिर से झटका लग सकता है। बड़ा संकट यह भी है कि इस टकराव का असर उस होरमुज की खाड़ी पर भी हो सकता है जहां से वैश्विक स्तर पर 21 फीसदी कच्चे तेल की सप्लाई होती है। बहरहाल, इस्राइल व ईरान के संघर्ष और उसमें अमेरिका के कूदने से पूरा मध्यपूर्व अनिश्चितता के भंवर में फंसता नजर आ रहा है। ऑपरेशन राइजिंग लायन शुरू करने से पहले भी इस्राइल हमास, हिजबुल्लाह व हूती विद्रोहियों से लड़ रहा था, इस नये मोर्चा खोलने से इस्राइली जनता की मुश्किलें भी और बढ़ गई हैं।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि अत्यन्त बलवान कुम्भकर्ण सा उसका भाई था, जिसके जोड़ का योद्धा जगत में पैदा ही नहीं हुआ। वह मदिरा पीकर छह महीने सोया करता था। उसके जागते ही तीनों लोकों में तहलका मच जाता था॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**जौं दिन प्रति अहार कर सोई। बिस्व बेगि सब चौपट होई॥**
**समर धीर नहिं जाइ बखाना। तेहि सम अमित बीर बलवाना॥**

यदि वह प्रतिदिन भोजन करता, तब तो सम्पूर्ण विश्व शीघ्र ही चौपट (खाली) हो जाता। रणधीर ऐसा था कि जिसका वर्णन नहीं किया जा सकता। (लंका में) उसके ऐसे असंख्य बलवान वीर थे॥

**बारिदनाद जेठ सुत तासू। भट महुँ प्रथम लीक जग जासू॥**
**जेहि न होइ रन सनमुख कोई। सुरपुर नितहिं परावन होई॥**

मेघनाद रावण का बड़ा लड़का था, जिसका जगत के योद्धाओं में पहला नंबर था। रण में कोई भी उसका सामना नहीं कर सकता था। स्वर्ग में तो (उसके भय से) नित्य भगदड़ मची रहती थी॥

**दो0-कुमुख अकंपन कुलिसरद धूमकेतु अतिकाय।**
**एक एक जग जीति सक ऐसे सुभट निकाय॥**

(इनके अतिरिक्त) दुर्मुख, अकम्पन, वज्रदन्त, धूमकेतु और अतिकाय आदि ऐसे अनेक योद्धा थे, जो अकेले ही सारे जगत को जीत सकते थे॥

(क्रमशः... )

# कितनी सहूलियत देगा 'फास्टैग' का नया नियम?

टोल टैक्स' पर आए दिन घटित होती नाना प्रकार की सामान्य-असामान्य घटनाओं को ध्यान में रखते हुए आखिरकार केंद्र सरकार ने एक दफे फिर पुरानी टोल्स नीतियों में बदलाव करते हुए नए फास्टैग नियम लागू करने का ऐलान किया है। बदले नियमों को केंद्र सरकार ने 'सुपरफास्ट फास्टैग' बताया है। हालांकि, ये नवीनतम योजना दो महीने बाद यानी आगामी 15 अगस्त से देशभर में अमल आएगी। इसके संबंध में मोटी-मोटी सूचनाएं विभागीय मंत्री नितिन गडकरी ने बीते गुरुवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिए देशवासियों से साक्षा की। नई नियमों को लेकर लोगों के जेहन में सिर्फ दो सवाल प्रमुखता से उठ रहे हैं। अव्वल, क्या अब टोल टैक्स पर लगने वाली लंबी-लंबी कतारें कम होंगी। वहीं दूसरा, क्या इससे वाहन चालकों को थोड़ी बहुत रियारत मिल पाएगी?

गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी मंत्री नितिन गडकरी ने एक ऐलान किया था कि 60 किमी अंतराल में आने वाले टोल से वसूली नहीं की जाएगी। लेकिन अफसोस वह योजना सिरे नहीं चढ़ पाई। कम दूरी वाले किसी टोल को बंद नहीं किया गया, आज भी टोल्स पर वसूली बदस्तूर जारी है। ज्यादातर पुराने टोल की दूरी 60 किमी से काफी कम हैं। 30-40 किमी की दूरी में ही बने हैं। विगत सालों पहले सरकार ने टोल से नगद वसूली के नियमों को बदलकर जब से फास्टैग योजना को लागू किया था, तब से उसकी आमदनी में चार चांद लग गए। दरअसल, फास्टैग एक इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली है, जिसे एनएचएआई लीड करती है।

फास्टैग से टोल वसूली का पैसा धीरे सरकार के खजाने में जाता है। फास्टैग रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन तकनीक से उपयोग होती है, जिससे ग्राहक टोल भुगतान सीधे प्रीपेड या बचत खाते से आसानी से करते हैं। वित्तीय वर्ष-2024 में भारत भर में राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल संग्रह राजस्व का मूल्य 648 बिलियन भारतीय रुपए से अधिक रहा। यही कारण है कि सरकार इस सब्जेक्ट को इतनी गंभीरता से लेकर चल रही है। सरकार का मकसद है कि नए नियमों का फायदा ग्राहकों को भी हो और उनकी आमदनी में भी इजाफा हो?

केंद्र सरकार राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम-1956 और शुल्क नियम-2008 के तहत टोल प्लाजा के माध्यम से शुल्क वसूलती है। नियमों में बदलाव पहले भी कई मर्तबा किए गए। पर, बीते एकाध दशक से टोल वसूली में बेहताशा इजाफा हुआ। जिसे कम करने का आमजन का भारी दबाव सरकार पर है। आम लोगों को मिलने वाली




किफायत की जहां तक बात है, तो नई पॉलिसी फिलहाल निजी वाहनों पर लागू होगी। तीन हजार रुपए का वैध वार्षिक पास बनवाने के बाद ग्राहक साल भर की अवधि में 200 टोल टैक्स क्रॉस कर सकेंगे। ये पास मौजूदा फास्टैग में ही संचालित होगा, नया बनवाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

हालांकि, इसमें पेंच एक फंसाया गया है। योजना सिर्फ भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और विभिन्न राष्ट्रय राजमार्गों में प्रयोग होगी। राज्य स्तरीय मार्गों-सड़कों, निकाय और नगर निगम की अधिकृत सड़कों को इससे नहीं जोड़ा गया है। योजना से ग्राहकों को जो फायदा होगा, वह ये है कि अभी तक अमूमन प्रत्येक एनएचएआई टोल टैक्स पर भुगतान करने की कीमत 50 रु से लेकर 200 रुपए के बीच होती है। लेकिन 3 हजारी वैध पास के बाद मात्र 15 रूपए ही प्रत्येक टोल पर वसूले जाएंगे। ये फायदा निजी वाहन चालकों को सीधे तौर होगा।

योजना की एक अच्छी बात ये है। चालक अगर साल में 200 टोल्स को क्रॉस नहीं करता है, तो उसकी वैधता अगले वर्ष भी जारी रहेगी। राष्ट्रीय राजमार्गों पर रोजाना और नियमित चलने वालों के लिए 'सुपरफास्ट फास्टैग' योजना निश्चित रूप से कारगर साबित होने वाली है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय पर बीते कुछ वर्षों से टोल प्लाजा पर ट्रैफिक को कम करने का भारी प्रेसर पड़ा है। प्रत्येक दिन कहीं न कहीं मारपीट की घटनाएं रिपोर्ट होती रही हैं। इन सभी से छुटकारा पाने के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इस योजना को लागू किया। भारत में राष्ट्रीय राजमार्गों का विशाल नेटवर्क बिछ चुका है। वर्ष-2014 तक राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई 91,287 किलोमीटर थी, जो अब बढ़कर 1,46,195 किलोमीटर हो चुकी है।

अगले 10 सालों में राजमार्गों की लंबाई डेढ़ गुनी तक बढ़ने की संभावनाएं हैं और उसमें नए टोल भी जुड़ेंगे। इसलिए सरकार के लिए ये क्षेत्र कमाई का बड़ा जरिया बन गया है। सरकार को नेशनल हाईवे से प्रति वर्ष पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के तहत चलने वाले टोल बूथों पर टैक्स के तौर पर 1.44 लाख करोड़ रुपये की कमाई हो रही है। इस आंकड़े को पिछले वर्ष का खुद नितिन गडकरी ने संसद में प्रस्तुत किया था। देश में सड़कां का जिस युद्वस्तर पर जाल बिछ रहा है, उससे प्रतीत होता है भविष्य में यह क्षेत्र सरकार की कमाई का सबसे बड़ा जरिया बनेगा।

आंकड़ों के मुताबिक हिंदुस्तान में करीब 1,063 टोल प्लाजा हैं जिनमें 457 टोल प्लाजा का निर्माण वर्ष 2025 में किया गया। टोल नीति केंद्र सरकार की वह इकाई है जो सबसे बड़ी कमाउ है। नई 'सुपरफास्ट फास्टैग' नीति से भी उसे ढेरों उम्मीदें हैं। टोल पॉलिसी को केंद्र सरकार राजस्व वसूली का सबसे बड़ा जनरेटर मानती ही है, तभी इसमें नित नए नियमों को जोड़ती चली जा रही है। मात्र दिल्ली-मुंबई मार्ग पर एनएच-48 के वडोदरा-भरूच खंड पर स्थित टोल प्लाजा ने पिछले 5 पांच सालों में 400 करोड़ रुपए से ज्यादा कमाकर दिए हैं।

सहकार ग्रुप लिमिटेड (एसजीएल) भारत में सड़कों के टोल संग्रह में सबसे बड़ी कंपनियों में से एक है। टोल से कमाई के आंकड़ों पर अगर नजर डालें, तो 2018-19 में 25,154.76 करोड़ रुपए, 2019-20 में 27,637.64 करोड़ रुपए, 2020-21 में 27,923.80 करोड़ रुपए, 2021-22 में 33,907.72 करोड़ रुपए और 2022-23 में 48,028.22 करोड़ रुपए अर्जित किए। कमाई बढ़े अच्छी बात है, पर सड़कों की सुरक्षाओं को लेकर वाहन चालकों के प्रति जो चिंताएं हैं वह भी कम होनी चाहिए। सरकार को सुविधाओं पर भी ध्यान देना होगा। निर्बाध और सुगम सड़क यात्राओं की इच्छाएं सभी में हैं।

**- डॉ. रमेश ठाकुर**
**सदस्य, राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान, भारत सरकार!**

## तेजी से बढ़ता भारत का एआई बाजार

हाल ही में 11 जून को बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) बाजार 2027 तक 3 गुना से ज्यादा बढक़र 17 अरब डालर तक पहुंचने का अनुमान है। भारत में एआई में बढ़ता निवेश, स्टार्टअप्स की लहर, डिजिटल तंत्र और दमदार प्रतिभा आधार एआई बाजार की रफ्तार को बढ़ावा दे रहे हैं। ऐसे में भारत का एआई बाजार दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते एआई बाजारों में रेखांकित हो रहा है। यह बात महत्वपूर्ण है कि दुनिया का 16 फीसदी एआई टैलेंट भारत के पास है और भारत अमरीका के बाद दूसरे स्थान पर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में अभी 6 लाख से अधिक एआई प्रोफेशनल्स हैं। इनकी संख्या वर्ष 2027 तक तेजी से बढक़र 12.5 लाख पर पहुंच जाने की उम्मीद है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि विभिन्न क्षेत्रों के उद्योग-कारोबार स्थानीय चुनौतियों को हल करने, नवाचार को बढ़ाने और प्रतिस्पर्धा लाभ बढ़ाने के लिए एआई तेजी से अपना रहे हैं। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि बढ़ती हुई वैश्विक औद्योगिक और कारोबारी चुनौतियों के बीच एआई विकल्प नहीं बल्कि जरूरत बन गया है। ऐसे में भारतीय कंपनियां परंपरागत विकास की डगर को पार करने और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए एआई का उपयोग लगातार बढ़ा रही हैं। यही कारण है कि इन दिनों एआई विषय पर प्रकाशित हो रही विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि जहां भारत में तेज आर्थिक विकास में एआई की भूमिका प्रभावी हो गई है, वहीं भारतीय एआई पेशेवरों की जरूरत देश और दुनिया में तेजी से बढ़ रही है।

हाल ही में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इंस्टीट्यूट ऑफ इकॉनमिक ग्रोथ नई दिल्ली में कहा कि एआई को अपनाने वाले उद्योग भारत को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुमान के मुताबिक 2028 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में बड़ी भूमिका निभाएंगे। इसी तरह केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय द्वारा हाल ही में जारी 'भारत की एआई क्रांति = विकसित भारत के लिए एक रोडमैप' नामक रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2047 तक भारत को 23.25 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाए जाने के लक्ष्य के मद्देनजर एआई पेशेवरों की अहम भूमिका होगी। गौरतलब है कि गूगल की एआई अवसर एजेंडा नामक रिपोर्ट में कहा गया है कि इस समय भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, तकनीकी प्रतिभा और जीवंत स्टार्टअप ईकोसिस्टम के चलते भारत एआई से लाभान्वित होने की बेहतर स्थिति में है। भारत में एआई प्रौद्योगिकी को अपनाए जाने से उत्पादकता में धीरे-धीरे वृद्धि हो रही है। अब उद्योग, कृषि, स्वास्थ्य, सर्विस सेक्टर तथा अन्य क्षेत्रों में एआई के अधिक उपयोग से भारत को 2030 तक 33.8 लाख करोड़ का आर्थिक लाभ हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एआई के प्रति एक व्यापक और जिम्मेदार दृष्टिकोण भारत में महत्वपूर्ण आर्थिक विकास और सामाजिक प्रगति को संभव बना सकता है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस में फरवरी 2025 में आयोजित आर्टिफिशियल इंटेलिजेस (एआई) एक्शन शिखर सम्मेलन 2025 की सह अध्यक्षता करते हुए कहा है कि यद्यपि दुनिया में यह आशंका है कि एआई की वजह से नौकरियां खत्म होंगी, लेकिन इतिहास गवाह है कि प्रौद्योगिकी के कारण नौकरियां खत्म नहीं होती, बल्कि उसकी प्रकृति बदल जाती है और नई तरह की नौकरियां सृजित होती हैं। इसलिए हमें एआई संचालित भविष्य के लिए अपने लोगों को हाईस्किल्ड बनाते हुए नए काम के तरीकों के लिए उन्हें तैयार करने में निवेश करने की जरूरत है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि भारत की नई पीढ़ी डिजिटल दौर के एआई कामों में लगातार अपना योगदान बढ़ा रही है। ओपन एआई के सीईओ सैम आल्ट मैन के मुताबिक एआई के लिए दुनिया में भारत दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई के मुताबिक भारत एआई के क्षेत्र में दुनिया का नेतृत्व कर सकता है। माइक्रोसाफ्ट के सीईओ सत्या नडेला के मुताबिक भारत की गणित में दक्ष नई पीढ़ी के लिए एआई के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। इस समय जहां भारत की प्रतिभा संपन्न एआई से सुसज्जित नई पीढ़ी भारत के विकास में बड़ा योगदान दे रही है, वहीं भारत के टैलेंट का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। भारत के प्रोफेशनल दुनिया की बड़ी कंपनियों के जरिए ग्लोबल ग्लोब में अपना अभूतपूर्व योगदान दे रहे हैं।

भारत की एआई हाईस्किल्ड नई पीढ़ी सेवा निर्यात (सर्विस एक्सपोर्ट) से विदेशी मुद्रा की बड़ी कमाई करने वाली आर्थिक शक्ति के रूप में भी उभरकर दिखाई दे रही है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि एआई हाईस्किल्ड मैनपावर के सरल और किफायती रूप से उपलब्ध होने के कारण भारत में बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) की तेजी से नई स्थापनाओं के साथ सेवा निर्यात तेजी से बढ़ रहा है। भारत की नई पीढ़ी के लिए देश ही नहीं, दुनिया में एआई से जुड़ी नौकरियों में अवसर बढ़ रहे हैं। पिछले दिनों विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) सम्मेलन 2025 के तहत प्रकाशित रिपोर्ट 'भविष्य की नौकरियों' में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर वर्ष 2030 तक 17 करोड़ नई एआई नौकरियां पैदा होंगी, जबकि 9.2 करोड़ परंपरागत नौकरियां समाप्त होने का अनुमान है, जिसके परिणामस्वरूप 7.8 करोड़ अधिक नई नौकरियां पैदा होंगी। तकनीकी उन्नति, जनसांख्यिकीय बदलाव, भू-आर्थिक तनाव और आर्थिक दबाव इन परिवर्तनों के कारण नई हाई स्किल्ड एआई नौकरियों को रफ्तार मिलेगी और इससे दुनिया भर में उद्योगों और व्यवसायों को नया रूप मिलता हुआ दिखाई देगा। ऐसे में सबसे तेजी से बढ़ती जिन नौकरियों की भूमिकाएं होंगी, उनमें प्रमुखतया एआई बड़े डेटा विशेषज्ञ, मशीन लर्निंग विशेषज्ञ और साइबर सुरक्षा प्रबंधन विशेषज्ञ शामिल हैं। यहां यह उल्लेखनीय है कि जहां देश एआई मिशन के तहत एआई हाईस्किल्ड मेनपॉवर के लिए तेजी से कदम बढ़ा रहा है, वहीं एक फरवरी को प्रस्तुत वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट में देश के युवाओं को हाईस्किल्ड बनाने और भारत को वैश्विक कौशल केंद्र बनाने की दिशा में सरकार ने बड़े कदम उठाए हैं। एआई से जुड़ी हुई तीन नई कौशल विकास योजनाएं तेजी से कार्यान्वित हो रही हैं। इसमें कोई दोमत नहीं हैं कि अब तक भारत में उत्पादकता उतनी तेजी से नहीं बढ़ी है जितनी तेजी से विकास की महत्वाकांक्षा है। इस प्रवृत्ति को बदलने के लिए, उन क्षेत्रों की पहचान करने का प्रयास किया गया है जहां सरकार और निजी क्षेत्र दोनों द्वारा धन के उपयुक्त निवेश से एआई का उपयोग किया जा सके।

यद्यपि देश में भारतजेन, देविका, सूत्र, ऐरावत, सर्वम-1, चित्रलेखा, एवरेस्ट-1 जैसे कई एआई मॉडल्स के लिए पेशेवर काम कर रहे हैं, पर अब भारत के द्वारा शीघ्रतापूर्वक खुद का जनरेटिव एआई मॉडल विकसित करना जरूरी है। हमें देश की नई पीढ़ी को एआई हाई स्किल्स डेवलपमेंट की विशेषज्ञता के लिए और अधिक तेजी से प्रवृत्त करना होगा। उच्च शिक्षा खासकर इंजीनियरिंग शिक्षा में बड़े बदलाव पर ध्यान देना होगा। कंप्यूटर विज्ञान, आर्टिफिशिएल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, साइबर सुरक्षा, डाटा विज्ञान, क्लाउड कंप्यूटिंग और ब्लॉकचेन जैसे संबंधित क्षेत्रों के लिए बड़ी संख्या में दक्ष इंजीनियर तैयार करने होंगे, ताकि एआई संचालित नए दौर के नौकरी बाजार की मांगों को पूरा किया जा सके। हम उम्मीद करें कि सरकार दुनिया की सर्वाधिक युवा आबादी वाले भारत में नई पीढ़ी को नए उच्च डिजिटल गुणवत्ता वाले एआई स्किल्स से सुसज्जित करने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेगी। साथ ही हम उम्मीद करें कि देश की ऐसी नई एआई पीढ़ी देश की आर्थिक तस्वीर संवारने की संभावनाओं को साकार करने की डगर पर आगे बढ़ते हुए देश को 2028 तक तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था और 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के परिप्रेक्ष्य में प्रभावी भूमिका निभाते हुए दिखाई देगी।

**-डा. जयंती लाल भंडारी**
**विख्यात अर्थशास्त्री**

## राशिफल

**आषाढ़ माह कृष्ण पक्ष चतुर्दशी** | **(विक्रम संवत् 2082)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
शत्रु परास्त होंगे। गुण ज्ञान की प्राप्ति होगी। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा। स्वास्थ्य थोड़ा प्रभावित रहेगा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
भावनाओं पर काबू रखें। लिखने पढ़ने में समय व्यतीत करें। प्रेम में तू तू मैं मैं के संकेत हैं।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
गृह कलह के संकेत हैं। यद्यपि घरेलू सुख बढ़ चढ़कर आप भोगेंगे और भूमि भवन वाहन की खरीदारी भी संभव है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
किया गया प्रयास सफलतादायक होगा, जो आपने सोचा है, जो आपने डिजाइन किया है, उसको इंप्लीमेंट करिए।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
धन हानि के संकेत हैं इसलिए निवेश अभी वर्जित रहेगा। वाणी पर विराम दें क्योंकि आपस में कौटुंबिक हलचल मच सकती है।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान अच्छा है। व्यापार अच्छा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। सिर दर्द, नेत्र पीड़ा संभव है। प्रेम, संतान अच्छा है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
यात्रा का योग बनेगा। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। रुका हुआ धन वापस मिलेगा। आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। कोर्ट कचहरी में विजय मिलेगी। पिता का साथ होगा। सरकारी तंत्र का लाभ होगा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
यात्रा का योग बनेगा। थोड़ा सा मान सम्मान पर ठेस न पहुंचे इस बात का ध्यान रखिएगा। बाकी स्वास्थ्य अच्छा है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
चोट चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
जीवनसाथी का साथ मिलेगा। नौकरी चाकरी की स्थिति अच्छी होगी। स्वास्थ्य थोड़ा पहले से बेहतर।

# समाज की असली ताकत होते हैं रक्षक : राज्यपाल

## गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट के पुलिस बल के पुलिसकर्मी सम्मानित




**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट के पुलिस बल के बहादुर पुलिसकर्मियों को उनकी उत्कृष्ट सेवा, अनुशासन और निःस्वार्थ समर्पण के लिए सम्मानित किया। उन्होंने मंच से उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित करते हुए कहा कि पुलिस केवल कानून व्यवस्था का ही नहीं, बल्कि संवेदना, साहस और सेवा भावना का प्रतीक है।

GL Bajaj Educational Institutions में टाइम्स सम्मान 2025 का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के राज्यपाल आनंदी बेन पटेल पहुंची। राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी समाज की असली ताकत उन रक्षकों में होती है जो बिना किसी प्रदर्शन के, चुपचाप सेवा करते हैं। उन्होंने नोएडा में बेहतर पुलिस व्यवस्था को Ease of Doing Business जैसी योजनाओं के लिए ज़रूरी बताया और साथ ही जनकल्याण से जुड़ी कई अहम योजनाओं पर भी प्रकाश डाला, जिनमें 'हरी साड़ी' अभियान, HPV वैक्सीन की जागरूकता, BMI जांच, तेल खपत में कटौती तथा शिक्षा में नवाचार जैसे विषय प्रमुख रहे।

समारोह में सांसद डॉ. महेश शर्मा, पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह, विधायक तेजपाल नागर, जिलाधिकारी मनीष कुमार, Bennett Coleman & Co. Ltd. के सीओओ मोहित जैन, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सर्कल सीजीएम देबाशीष मिश्रा, GL Bajaj के चेयरमैन डॉ. राम किशोर अग्रवाल और उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में समाजसेवा और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों—देबाशीष मिश्रा, डॉ. पियूष द्विवेदी, शमशाद अली, डॉ. विवेक वैभव और हाजी कमरुद्दीन को भी सम्मानित किया गया। छात्रों, शिक्षकों, पुलिस अधिकारियों और नागरिकों की उत्साही भागीदारी ने इस आयोजन को एक प्रेरणास्पद और यादगार अवसर में बदल दिया, जो सेवा, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को आगे बढ़ाता है।

# पिकलबॉल एसोसिएशन ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित



**नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश पिकलबॉल एसोसिएशन ने खिलाड़ियों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। यह सम्मान समारोह हाइडपार्क क्लब, सेक्टर-78, नोएडा में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष के.कुमार, सचिव प्रभात वत्स, संयुक्त कोषाध्यक्ष सुश्री अदिति जोशी, उपाध्यक्ष शुभम पालीवाल एवं सदस्य तरुण गोस्वामी ने खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

एसोसिएशन के अध्यक्ष के.कुमार ने कहा कि ऐसे सम्मान समारोह न केवल खिलाड़ियों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं, बल्कि उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित भी करते हैं। साथ ही, यह पिकलबॉल खेल के प्रचार-प्रसार और विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष का हुआ स्वागत

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय, गौतमबुद्ध नगर में उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रांतीय अध्यक्ष श्रीमती भारती त्यागी का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान की एक कड़ी के रूप में आयोजित किया गया। अपने इस अनौपचारिक दौरे में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्रीमती भारती त्यागी ने कहा कि महिला कांग्रेस, कांग्रेस पार्टी का एक महत्वपूर्ण अग्रिम संगठन है। वहीं कांग्रेस पार्टी सभी अग्रिम संगठनों के लिए एक छाते के समान है। उन्होंने कहा कि सभी संगठनों की जिम्मेदारी है कि वे जिला और प्रदेश स्तर पर मिलकर कांग्रेस पार्टी को सशक्त बनाएं और पीड़ित जनता की आवाज को बुलंद करें।

उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि हमें अधिक से अधिक सक्षम महिलाओं को कांग्रेस संगठन में स्थान देना



होगा और महिला कांग्रेस को मजबूत करने की जिम्मेदारी जिला कांग्रेस की भी है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला ने कहा कि समाज और राजनीति में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। आधी आबादी को पूरा हक दिलाने और उन्हें साथ लेकर चलना हम कार्यकर्ताओं की प्राथमिक जिम्मेदारी है। महिला कांग्रेस जितनी मजबूत होगी, जिला कांग्रेस उतनी ही अधिक सशक्त होकर पीड़ित-शोषित महिलाओं की आवाज उठा सकेगी। संगठन सृजन अभियान के तहत महिलाओं को संगठन से जोड़ने का प्रयास लगातार किया जा रहा है, और महिला पदाधिकारियों की संख्या भी धीरे-धीरे बढ़ रही है।

जिला उपाध्यक्ष निशा शर्मा ने कहा कि राजनीति में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए हमें ऐसे कार्यक्रमों की योजना बनानी चाहिए जो महिलाओं को सामाजिक रूप से सशक्त बनाने में सहायक हों।

जिला महासचिव कल्पना सिंह ने कहा कि जिला कांग्रेस द्वारा महिला कांग्रेस और अन्य अग्रिम संगठनों के बीच समन्वय स्थापित करने और सहयोग देने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। कभी अच्छे परिणाम मिलते हैं, तो कभी अपेक्षित परिणामों में विलंब होता है, लेकिन प्रयास जारी रहते हैं।

इस अवसर पर मुकेश शर्मा, महाराज सिंह नागर, निशा शर्मा, रीमा नायर, श्रुति कुमारी, कल्पना सिंह, जुबैदा खातून, रिज़वान चौधरी, धर्म सिंह, सलीम खान, मोहम्मद तक़ी, नितीश चौधरी, गौरव वशिष्ठ, सुबोध भट्ट, डॉ. कुबेर त्यागी, सतीश शर्मा और महेकर सिंह सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पीड़ित जनता की आवाज बने कांग्रेसी : भारती त्यागी



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत गौतमबुद्धनगर जिले के दौरे पर पहुंची उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रांतीय अध्यक्ष श्रीमती भारती त्यागी का पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जहाँ एक ओर महिला कांग्रेस, कांग्रेस पार्टी का महत्वपूर्ण अग्रिम संगठन है वहीं कांग्रेस पार्टी सभी अग्रिम संगठनों के लिए एक छाते के सामान है सभी अग्रिम संगठनों की जिम्मेदारी है कि चाहे जिला स्तर पर हो या प्रदेश स्तर पर सभी मिलकर एकजुट होकर कांग्रेस पार्टी के लिए काम करें और पीड़ित जनता की आवाज को उठाये। हम सबको मिलकर हर हालत में अधिक से अधिक सक्षम महिलाओं को कांग्रेस पार्टी के संगठनों में स्थान देना पड़ेगा, अग्रिम संगठन महिला कांग्रेस को मजबूत करने की जिम्मेदारी भी जिला कांग्रेस की है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला ने कहा की हमारे समाज और राजनीति में महिलाओं का अभिन्न सहयोग और स्थान है, हमारी आधी आबादी को पूरा हक दिलाने और उन्हें साथ लेकर चलने की जिम्मेदारी हम सभी कार्यकर्ताओं की है। महिला कांग्रेस मजबूत होगी तो जिला कांग्रेस और अधिक शशक्त होकर पीड़ित शोषित महिलाओं की आवाज को बुलंद कर सकती है तथा अधिक से अधिक महिलाओं को संगठन से जोड़ने का अभियान संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत कांग्रेस कर रही है। धीरे-धीरे संगठन में महिला पदाधिकारिओं की संख्या भी बड़ी है। कार्यकर्ताओं को जिला उपाध्यक्ष निशा शर्मा, जिला महासचिव कल्पना सिंह ने भी संबोधित किया।

अभिनन्दन कार्यक्रम में मुकेश शर्मा, महाराज सिंह नागर, निशा शर्मा,रीमा नायर, श्रुति कुमारी,कल्पना सिंह,जुबैदा खातून,रिजवान चौधरी, धर्म सिंह,सलीम खान, मौहम्मद तकी,नितीश चौधरी, गौरव वसिष्ठ, सुबोध भट्ट, डॉ0 कुबेर त्यागी, सतीश शर्मा, महकर सिंह आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बलिदान दिवस पर संगोष्ठी आयोजित




**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर जिला संगोष्ठी आयोजन बिलासपुर नगर में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि मा0 डॉ. महेश शर्मा सांसद गौतमबुद्धनगर एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री के साथ मा0 सुरेश राणा मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि पूर्व केन्द्रीय मंत्री सांसद डॉक्टर महेश शर्मा ने कहा कि डॉक्टर श्यामाप्रसाद मुखर्जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी एवं महान शिक्षाविद महान क्रांतिकारी भारतीय जन संघ के संस्थापक राज नेता करोड़ो लोगों के मार्गदर्शक आज़ाद भारत के प्रथम उद्योग मंत्री रहे उनका जन्म छह जुलाई 1901 को कलकत्ता में हुआ और उन्होंने जम्मू कश्मीर के लाल चौक तक पैदल यात्रा की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने इस देश को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया तथा कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उनके पदचिह्नों पर चल रहे हैं और आज उनके नेतृत्व में देश अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत हुआ है।

इस अवसर पर दादरी विधायक मास्टर तेजपाल नागर जी जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह जी जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा जी ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया ओमकार भाटी संजय भैया मनोज चौधरी नरेंद्र डाढा मनोज डाढा राकेश चेयरमैन ममता शर्मा सविंदर नेता जो हरेंद्र शर्मा धर्मेंद्र कोरी अखिलेश नागर शिवा मनोज गर्ग दीपक भारद्वाज दिनेश भाटी संजय रावत सुनील सिंह भोयरा अर्पित तिवारी संजय भाटी राजीव सिंघल धीर राणा दीपक सिंह रजनी तोमर संगीता रावल सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# डा. मुखर्जी का बलिदान देश को आज भी याद है: मिश्रा

**भदोही (चेतना मंच)।** जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा के नेतृत्व में तथा अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने किया तथा अति विशिष्ट अतिथि जिला प्रभारी नागेंद्र रघुवंशी खादी ग्रामीण उद्योग आयोग के सदस्य उपस्थित रहे। इसके पूर्व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पुलिस लाइन ज्ञानपुर में उपस्थित हुए जहां पर जनप्रतिनिधि व पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक कर तमाम परियोजनाओं पर लोकार्पण करने से पहले जिला मुख्यालय सरपंताहा में समीक्षा बैठक के बाद संभावित घोषित करेंगे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक फाफामऊ प्रयागराज गुरु प्रसाद मौर्य ने कहा कहा आज जिला कार्यालय में जैसा आप सभी को संज्ञान में है बूथ के छ राष्ट्रीय कार्यक्रमों में सामील है 23 जून 2025 जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाता है इस वर्ष राष्ट्रीय




प्रदेश नेतृत्व के द्वारा यह तय किया गया है कि 23 जून को जिला केंद्र पर बड़ी संगोष्ठी टाउन हॉल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा 29 जून 2025 को मन की बात अंतिम रविवार को मन की बात के साथ ही सभी बूथों पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे 6 जुलाई 2025 को उनके जन्मदिन के अवसर पर सभी मंडलों पर संगोष्ठी आयोजित की जाएगी।

जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने कहा डॉक्टर श्याम प्रसाद मुखर्जी का बलिदान देश आज भी याद रखा है उसको भुलाएगा नहीं आपके बताए हुए रास्तो पर पार्टी सदैव चलने का काम करेगी वहीं पर जिला प्रभारी नागेंद्र रघुवंशी ने कहा संगठन और सरकार हमेशा आपका बलिदान दिवस को याद रखेगा आपकी स्मृति में यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष किया जाता है और आपने अपने जीवन में संघर्ष करते हुए देश को मजबूती के शिखर तक पहुंचाने में बहुमूल्य सहयोग किया है आपका बलिदान देश के लिए यादगार बना है और 23 जून इसे राष्ट्रीय कार्यक्रमों में शामिल किया गया साथ में उपस्थित मंत्री रंगनाथ मिश्रा पूर्व विधायक रविंद्र नाथ त्रिपाठी अनिरुद्ध त्रिपाठी पूर्व विनर श्रीवास्तव जिला अध्यक्ष संतोष पांडेय हौसला प्रसाद पाठक कन्हैयालाल मिश्र जितेंद्र गुप्ता नगर अध्यक्ष सुनील मिश्रा प्रदीप सिंह गोवर्धन राय अनिल सिंह मुन्ना मनीष पांडेय योगेंद्र प्रसाद सिंह सुरेंद्रनाथ पांडेय छत्रपति सिंह संगीता खन्ना अर्चना पटेल पूनम गुप्ता अखिलेश सिंह बघेल चिंटू सभी मंडल अध्यक्ष तथा उपस्थित समस्त जनता जनमानस।

## नाम-परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं छवि चौहान पुत्री श्री संजय कुमार निवासी, मकान नंबर-83, गली नंबर-2, सै.-66, मामूरा, नोएडा, गौतमबुद्धनगर, (उत्तर प्रदेश) मेरी 10वीं व 12वीं कक्षा के मार्कशीट में मेरे पिता का नाम संजय चौहान है। आधार कार्ड व पैन कार्ड में संजय कुमार दर्ज है। संजय कुमार व संजय चौहान दोनों एक ही व्यक्ति के नाम है।

# इंग्लैंड में भारतीय पीडी क्रिकेट टीम का हौसला बढ़ाएंगे डीसीसीआई चेयरमैन राजेश भारद्वाज

**नोएडा (चेतना मंच)।** डीसीसीआई एवं व्हीलचेयर क्रिकेट इंडिया एसोसिएशन के चेयरमैन राजेश भारद्वाज ने 25 जून को इंग्लैंड के विश्वप्रसिद्ध और क्रिकेट के मक्का कहे जाने वाले लॉर्ड्स के मैदान में भारतीय और इंग्लैंड की टीमों के बीच आयोजित होने वाले क्रिकेट मैच का हिस्सा बनने के लिए इंग्लैंड जा रहे हैं।



राजेश भारद्वाज ने बताया कि जनवरी 2024 में डीसीसीआई के चेयरमैन का पद सँभालने के बाद से कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों का सफल आयोजन करवाया है। अहमदाबाद में 26 जनवरी 2024 से 6 फरवरी 2024 तक भारत और इंग्लैंड की टीमों के बीच 3 मैचों की फिजिकली डिसेबल्ड क्रिकेट सीरीज हुई जिसमे भारतीय टीम 3 – 0 से विजयी रही। इसके बाद श्रीलंका की व्हीलचेयर क्रिकेट टीम ने 11 जून 2024 से 16 जून 2024 के बीच भारत का दौरा किया और ग्रेटर नोएडा में 5 ञ-20 मैचों की सीरीज का आयोजन किया गया। इस सीरीज में भारतीय टीम 5-0 से विजयी रही, इसके अलावा उदयपुर में 15 से 25 अक्टूबर तक चौथे फिजिकली डिसेबल्ड राष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन हुआ जिसमे देश के 24 राज्यों की 24 टीमों ने भाग लिया और 360 से भी अधिक दिव्यांग क्रिकेट खिलाडियों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया साथ ही भारतीय टीम ने श्रीलंका में आयोजित हुई चार देशों के फिजिकली डिसेबल्ड चैंपियंस ट्रॉफी में भाग लिया जिसमे भारत के अलावा इंग्लैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका की डिसेबल्ड टीम शामिल थी। भारतीय पीडी टीम ने 21 जनवरी को आयोजित हुए फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड की टीम को 79 रनों से हराकर ट्रॉफी अपने नाम करने में सफलता प्राप्त की।

# डेंगुरपुर घाट पर बनेगा पक्का पुल

## अतंत: पूर्व सांसद गोरखनाथ पाण्डेय की मेहनत रंग लाई

रमाकांत पाण्डेय

**भदोही।** पूर्व सांसद एवं पूर्व विधायक तथा भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय परिषद सदस्य पंडित गोरखनाथ पांडेय की मेहनत अंततः रंग लाई और डेंगुरपुर घाट पर पक्के पुल के निर्माण की स्वीकृति प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल जनपद दौरे के दौरान दे दी।



डेंगूरपुर पर घाट पर पक्के पुल की मांग गत 20 वर्षों से निरंतर चली आ रही है और इसको लेकर कोनिया क्षेत्र के लोगों ने आंदोलन के साथ-साथ कई बार धरना प्रदर्शन एवं बैठकें भी की लेकिन मांग नहीं मानी गई। लेकिन प्रदेश में जैसे ही भारतीय जनता पार्टी की सरकार प्रदेश में सत्तासीन हुई वैसे ही लोगों के मन में यह आस जगी कि अब डेंगुरपुर घाट पर पक्के पुल का निर्माण हो जाएगा। कई बार उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्रियों के साथ-साथ नौकरशाहों से भी इसको लेकर पत्र सौंपा गया लेकिन बात नहीं बनी। लेकिन जब कल उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भदोही जनपद आए तो उन्होंने बाकायदा प्रेसवार्ता के दौरान डेंगुरपुर घाट पर पक्के पुल के निर्माण की स्वीकृति देने का ऐलान किया।

बताते चलें कि गोरखनाथ पांडेय जब पहली बार भाजपा के टिकट पर ज्ञानपुर से चुनाव जीते समय से उन्होंने इस मांग को लेकर मुखर हुए और उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्रीतथा केंद्र सरकार के कई मंत्रियों को पत्र सौंप कर इसकी मांग पुरजोर ढंग से उठाया। उन्होंने सांसद रहते हुए भी इस मांग को उठते रहे। यही नहीं अभी हाल ही में कई बार उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर पक्के पुल के निर्माण की बात उठाई। जब कल मुख्यमंत्री ने पक्के पुल के निर्माण की स्वीकृति दी तो कोनिया क्षेत्र के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल व्याप्त हो गया है।

इस संबंध में जब कई लोगों से बात की गई तो उन्होंने इसका सारा श्रेय पूर्व सांसद गोरखनाथ पांडेय को देते हुए उन्हें बधाई दी है। अपने राजनीतिक जीवन के दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण काम क्षेत्र के लोगों को किए हैं । गोरखनाथ पांडेय के इस कार्य को पुनिया क्षेत्र की जनता कभी भुला नहीं पाएगी। आज पूरे कोनिया क्षेत्र के लोग पूर्व सांसद गोरखनाथ पांडे का आभार व्यक्त किया है।

# भाकियू (किसान) संगठन का हुआ विस्तार



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय किसान यूनियन (किसान) के राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन (किसान) ने किया संगठन का विस्तार, जसवीर सिंह बने जिला अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन (किसान) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पवन सिंह के आदेशानुसार संगठन का विस्तार किया।। इस क्रम में जसवीर सिंह को जिला अध्यक्ष, गौतमबुद्ध नगर नियुक्त किया गया है।

इस अवसर पर वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विपिन कुमार, जिला उपाध्यक्ष बबलू कुमार, सुशील कुमार, आबिद अली, जिला मंत्री देवानंद पांडे, गुलशन कुमार, सत्नेश सिंह, जिला महासचिव कपिल, प्रदीप कुमार, जिला सहसचिव पारस सिंह, जितेंद्र कुमार, जिला कार्यकारिणी सदस्य संजय कुमार, रोताश आदि मौजूद रहे।

दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## खास खबर

### रुपया गिरावट पर बंद

मुंबई। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को भारतीय रुपया 16 पैसे गिरकर 86.75 प्रति डॉलर पर बंद हुआ जबकि शुक्रवार को ये 86.59 पर बंद हुआ था। वहीं आज सुब अमेरिका के ईरान में परमाणु स्थलों पर हमला करने के बाद वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के दौरान रुपया सोमवार को शुरूआती कारोबार में 17 पैसे टूटकर 86.72 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में मजबूती ने स्थानीय इकाई पर और दबाव डाला। हालांकि, विदेशी पूंजी प्रवाह और देश के विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि ने स्थानीय मुद्रा में गिरावट को सीमित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.75 पर खुला और फिर 86.72 पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 17 पैसे की गिरावट दशार्ता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.55 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.31 फीसदी की बढ़त के साथ 99.01 पर रहा।

### अनिल अंबानी की कंपनी ने चुकाई यस बैंक की उधारी

मुंबई। अनिल अंबानी के मालिकाना हक वाली कंपनी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने घोषणा की है कि कंपनी ने 273 करोड़ रुपये के एक लोन का यस बैंक को फुल सेटलमेंट किया है, इसमें ब्याज भी शामिल है। यह उधारी, रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के पूर्ण मालिकाना हक वाली इकाई जेआर टॉल रोड प्राइवेट लिमिटेड (जेआरटीआर) पर थी। बीते 2 महीने में रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्टर के शेयरों में 41 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है।
रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर ने एक रेगुलेटरी फाइलिंग में कहा है कि जेआर टॉल रोड प्राइवेट लिमिटेड (जेआरटीआर ) के साथ रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर ने बतौर कॉरपोरेट गारंटर यस बैंक के साथ पहले के सेटलमेंट एग्रीमेंट में एक अडेन्डम पर दस्तखत किए और पूरे बकाए का भुगतान कर दिया है।

### गोदरेज प्रॉपर्टीज ने बेंगलुरु में 1,450 से अधिक मकान बेचे

मुंबई। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने बेंगलुरु में अपनी नई परियोजना में 2,000 करोड़ रुपये से अधिक में 1,450 से अधिक फ्लैट की बिक्री की है। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसने परियोजना के पहले चरण के पेश होने के बाद 2,000 करोड़ रुपये से अधिक में फ्लैट बेचे। यह परियोजना बार्का बेंगलुरु के देवनाहल्ली में गोदरेज एमएसआर सिटी में स्थित है। इस परियोजना को अप्रैल 2025 में पेश किया गया था। कंपनी ने परियोजना के पहले चरण में 22 लाख से अधिक वर्ग फुट में बने 1,450 से अधिक फ्लैट की बिक्री की। गोदरेज प्रॉपर्टीज के एक अधिवकारी ने कहा कि इस टाउनशिप परियोजना गोदरेज एमएसआर सिटी में करीब 56 लाख वर्ग फुट की एक विकास योग्य क्षमता है जिसे कंपनी आने वाले वर्षों में बेचने की योजना बना रही है। गोदरेज देश के अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर में से एक है।

### एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में हो सकती है बढ़ोतरी

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में ईरान और इजराइल के बीच चल रहे संघर्ष का असर अब आम भारतीयों की रसोई तक पहुंच सकता है। बाजार के जानकारों का कहना है कि आने वाले दिनों में एलपीजी सिलेंडर के भाव में बढ़ोतरी हो सकती है। इसका कारण भारत की एलपीजी आपूर्ति का बड़ा हिस्सा पश्चिम एशिया से आता है। भारत की आयात निर्भरता भारत अपनी कुल एलपीजी जरूरतों का लगभग 66 फीसदी आयात करता है, जिसमें से 95 फीसदी सऊदी अरब, यूएई और कतर जैसे मिडिल ईस्ट देशों से आता है। ऐसे में क्षेत्रीय तनाव से सप्लाई चेन में रुकावट की आशंका गहरा गई है। एक रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका द्वारा ईरान के न्यूक्लियर साइट्स पर किए गए हमलों से आपूर्ति बाधित होने का खतरा बढ़ गया है।

## मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने नोएडा में खोला 400वां शोरूम

# 78 हजार करोड़ रुपये तक कारोबार पहुंचाने का लक्ष्य

- हमारी विकास महत्वाकांक्षाओं का प्रमाण है और भारत और दुनिया भर में हमारे लगातार बढ़ते कदमों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है
- दुनिया के सबसे भरोसेमंद और जिम्मेदार आभूषण ब्रांडों की स्थिति और मजबूत होगी
- 15 देशों और भारत के 22 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में अपनी उपस्थिति का विस्तार करते हुए 60 शोरूम खोलने की योजना है
- मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स पूरे भारत में तेजी से प्रगति कर रहा है, जो हमारे लिए सबसे बड़ा बाजार और अवसर बना हुआ है



एजेंसी
नई दिल्ली। दुनिया के सबसे बड़े ज्वैलरी खुदरा विक्रेताओं में से एक मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने सोमवार को नोएडा के सेक्टर-18 में अपने 400वें शोरूम की शुरूआत की है। ब्रांड ने वर्तमान में 63 हजार करोड़ रुपये के कारोबार और 13 देशों में उपस्थिति के साथ राजस्व में तेजी से वृद्धि करके 78 हजार करोड़ रुपये तक कारोबार पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। मालाबार समूह के चेयरमैन एमपी अहमद ने अपने संबोधन में कहा कि नोएडा में अपने 400वें शोरूम के उद्घाटन पर हमें बेहद खुशी है। यह उपलब्धि हमारी विकास महत्वाकांक्षाओं का प्रमाण है और भारत और दुनिया भर में हमारे लगातार बढ़ते कदमों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, ताकि हम नंबर 1 वैश्विक आभूषण रिटेलर बन सकें। उन्होंने बताया कि उनकी योजना अपने वैश्विक कार्यबल को लगभग 27,250 प्रबंधन टीम सदस्यों तक विस्तारित करने की है, जिससे दुनिया के सबसे भरोसेमंद और जिम्मेदार आभूषण ब्रांडों की स्थिति और मजबूत होगी। चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 15 देशों और भारत के 22 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में अपनी उपस्थिति का विस्तार करते हुए 60 शोरूम खोलने की योजना है। कंपनी के प्रबंध निदेशक (भारतीय परिचालन) अशर ओ. ने कहा कि मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स पूरे भारत में तेजी से प्रगति कर रहा है, जो हमारे लिए सबसे बड़ा बाजार और अवसर बना हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारे पास इस विकास की गति को बनाए रखने के लिए स्पष्ट योजनाएं हैं। हम मौजूदा और नए राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करेंगे। अशर ओ. ने कहा कि इस वित्त वर्ष के अंत तक 22 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों तक पहुंच बना लेंगे। कंपनी ने विकास को गति देने के लिए 5,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है।

### नया इलेक्ट्रिक स्कूटर टेसेरेक्ट लॉन्च

नई दिल्ली। अल्ट्रावायलेट ऑटोमोटिव कंपनी ने अपना नया इलेक्ट्रिक स्कूटर टेसेरेक्ट लॉन्च किया है, जो लॉन्च के कुछ ही महीनों में ईवी सेगमेंट का बड़ा नाम बन चुका है। इसकी शुरूआती कीमत 1.20 लाख रुपये पर रखी गई थी, जो पहले 50,000 ग्राहकों के लिए सीमित थी। इस कीमत पर जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला और एक महीने में ही बुकिंग का आंकड़ा पार हो गया। इसके बाद कीमत बढ़ाकर 1.45 लाख रुपये कर दी गई। फिलहाल, टेसेरेक्ट को 70,000 से ज्यादा बुकिंग मिल चुकी हैं और डिलीवरी 2026 की पहली तिमाही से शुरू होगी। टेसेरेक्ट को पारंपरिक इलेक्ट्रिक स्कूटर की जगह एक फ्यूचरिस्टिक मशीन के तौर पर देखा जा रहा है। इसमें वायरलेस फोन चार्जिंग, ऑनबोर्ड नेविगेशन, स्मार्ट डेशकैम, डुअल-चैनल एबीएस, ब्लाइंड स्पॉट डिटेक्शन मिरर, ट्रैक्शन कंट्रोल और रडार बेस्ड सेफ्टी फीचर्स जैसी अत्याधुनिक तकनीकें शामिल हैं। टॉप-एंड वेरिएंट में 125 किमी/घंटा की टॉप स्पीड और दमदार बैटरी पैक का दावा किया गया है।

## हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड ने चिली की कोडेल्को टीम का किया स्वागत

# एचसीएल की विभिन्न इकाइयों का दौरा करेगा चिली का प्रतिनिधिमंडल



एजेंसी
नई दिल्ली। चिली की सरकारी स्वामित्व वाली तांबे की खनन कंपनी कॉर्पोरेसियोन नैशनल डेल कोबरे (कोडेल्को) का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार सुबह नई दिल्ली पहुंचा है। चिली के खनन विशेषज्ञों की यह टीम अगले तीन हफ्ते भारत में रहकर हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड (एचसीएल) की विभिन्न इकाइयों का दौरा करेगी। कोडेल्को के खनन विशेषज्ञों में एंजेलो जियोवानी ग्यूसेप एगुइलर कैटलानो-भूविज्ञान और अन्वेषण, जोस रामोम अबाटे पेरेज -नवाचार और प्रौद्योगिकी, कार्लोस एबेलार्डो विल्चेस डोनोसो-टेलिंग प्रबंधन, जॉर्ज लुइस एस्पिंडोला लांडा-जियोटेक्निकल इंजीनियरिंग तथा सर्जियो जोनाथन पिचोट हेरिकेज-जियोमेटालर्जी शामिल हैं।
एचसीएल के मुताबिक इनकी तीन हफ्ते की यात्रा का उद्देश्य ज्ञान साझा करना और मूल्य संवर्धन के अवसरों का पता लगाना है। खान मंत्रालय के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट की मौजूदगी में 01, अप्रैल को एचसीएल और कोडेल्को के बीच आदान-प्रदान किए गए ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) के बाद यह पहल की गई है। एमओयू का उद्देश्य अन्वेषण, खनन और खनिज लाभकारीकरण के साथ-साथ कर्मचारी प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण को सुविधाजनक बनाने के लिए ज्ञान और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना है। इस एमओयू पर एचसीएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक संजीव कुमार सिंह और कोडेल्को के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रूबेन अल्वाराडो विगर ने हस्ताक्षर किए हैं।

## एम्बेसी ने करोड़ों की परियोजना के लिए भूस्वामी से की साझेदारी

# कंपनी बेंगलुरु में 18 एकड़ की आवासीय परियोजना विकसित करेगी

EMBASSY GROUP

एजेंसी
मुंबई। रियल एस्टेट कंपनी एम्बेसी डेवलपमेंट्स लिमिटेड ने बेंगलुरु में 18 एकड़ की आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए एक भूस्वामी के साथ साझेदारी की है। बताया गया है कि यह परियोजना करीब 1,600 करोड़ रुपये की है। एम्बेसी डेवलपमेंट्स ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कंपनी ने बेंगलुरु के व्हाइटफील्ड में 17.9 एकड़ भूमि के लिए संयुक्त विकास समझौते (जेडीए) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस परियोजना में करीब 16 लाख वर्ग फुट बिक्री योग्य क्षेत्र होगा और इसमें लगभग 1,000 अपार्टमेंट होंगे। कंपनी अगले वित्त वर्ष 2026-27 में इस परियोजना को पेश करेगी। एम्बेसी के एक प्रमुख अधिकारी ने कहा कि व्हाइटफील्ड पर हम रणनीतिक रूप से ध्यान दे रहे हैं। मुख्य रूप से अंतिम उपयोगकर्ता द्वारा संचालित छोटे बाजार के रूप में इसने बेंगलुरु के पेशेवर कर्मचारियों की निरंतर मांग व मौजूदा बुनियादी ढांचे के विकास द्वारा समर्थित अधिक लचीलापन दिखाया है। कंपनी ने चेन्नई, जोधपुर, वडोदरा, विजाग और इंदौर में भी उपस्थिति बढ़ाई है। बेंगलुरु स्थित एम्बेसी ग्रुप की एम्बेसी डेवलपमेंट्स में करीब 43 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

## सोनी सब के शो में मचता है जबरदस्त हंगामा



एजेंसी
मुंबई। सोनी सब का हाल ही में लॉन्च हुआ रोमांटिक ड्रामा उफ्फ ये लव है मुश्किल की कहानी ने आकर्षित किया है, जहां वकील युग सिन्हा (शब्बीर) और (आशी सिंह) के बीच तनाव, अधूरी भावनाएं और एक भूला हुआ अतीत नया मोड़ लेकर आता है। हालिया एपिसोड्स में कैरी कोर्ट में युग को हरा देती है, जिससे युग के बदले की भावना भड़क उठती है। लेकिन सब कुछ बदल जाता है जब युग की मां को कैरी में अपनी दिवंगत बेटी लता की झलक नजर आती है। मायरी का एक्सीडेंट हो जाता है और कैरी उसकी मदद करती है। इसके बाद मायरी, युग से आग्रह करती हैं कि वह कैरी को अपने घर ले आए। युग कैरी और उसके भाई-बहनों को घर लेकर आता है, जिससे सिन्हा और शर्मा परिवार एक ही छत के नीचे रहने लगते हैं और घर में मच जाता है हंगामा। लेकिन तभी कैरी के पिता कुंदन उसके भाई-बहनों को दूर ले जाने की धमकी देते हैं, और युग को अपने अतीत का सामना करना पड़ता है—एक ऐसा अतीत जो उसके भाइयों, फर्जी दस्तावेजों और लखनऊ से जुड़े राजों से भरा है। जब प्यार और डर टकराते हैं, तब युग और कैरी दोनों को तय करना है कि वे अपने अपनों के लिए कितनी दूर जाने को तैयार हैं। क्या होगा जब युग का दफन अतीत सामने आएगा।

## गिरावट के साथ बंद हुआ बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

# गिरावट के बाद भी निवेशकों को 8 हजार करोड़ का मुनाफा



एजेंसी
नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार में सप्ताह के पहले कारोबारी दिन ही जोरदार उतार चढ़ाव होता हुआ नजर आया। शुरूआती कारोबार में बाजार 1 प्रतिशत से अधिक की गिरावट का शिकार हो गया। हालांकि सुबह 10 बजे के बाद खरीदारी शुरू हो जाने के कारण शेयर बाजार निचले स्तर से काफी हद तक रिकवर होने में भी सफल रहा। दोपहर 2 बजे के बाद बाजार में एक बार फिर बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों में दोबारा गिरावट आ गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.62 प्रतिशत और निफ्टी 0.56 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। दिन भर के कारोबार के दौरान मेटल, मीडिया और कैपिटल गुड्स सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसी तरह कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, ऑयल एंड गैस और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर एफएमसीजी, ऑटोमोबाइल, आईटी और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। इसी तरह हेल्थकेयर और टेक इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में आमतौर पर खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.20 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.57 प्रतिशत की तेजी के साथ के कारोबार का अंत किया। शेयर बाजार में आई कमजोरी के बावजूद मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 8 हजार करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन के कारोबार के बाद बढ़ कर 447.78 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 447.70 लाख करोड़ रुपये था।

### ऑरेकल के कोफाउंडर लैरी दुनिया के दूसरे सबसे अमीर शख्स बने

नई दिल्ली। फोर्ब्स की रियल-टाइम बिलियनेयर्स लिस्ट के मुताबिक दुनिया की सबसे बड़ी डेटाबेस सॉफ्टवेयर कंपनियों में से एक ऑरेकल के को-फाउंडर लैरी एलिसन ने एक हफ्ते में करीब 4 करोड़ डॉलर (3.4 लाख करोड़) जोड़ लिए हैं। 250.9 अरब डॉलर की कुल संपत्ति के साथ एलिसन ने अमेजन के फाउंडर जेफ बेजोस को पछाड़कर फिर दुनिया के दूसरे सबसे अमीर शख्स बन गए हैं। इससे पहले के हफ्ते में भी वह अमीरों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर थे। 80 वर्षीय एलिसन ने जेफ बेजोस (229 अरब डॉलर) और मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग (240 अरब डॉलर) को पीछे छोड़ दिया। दुनिया के सबसे अमीर आदमी एलन मस्क (405.8 अरब डॉलर) अभी भी पहले पायदान पर हैं। एलिसन की संपत्ति में यह तेजी ऑरेकल के शानदार तिमाही नतीजों के बाद कंपनी के शेयरों में आए उछाल की वजह से हुआ है। कंपनी ने 15.9 अरब की कमाई दिखाई और 1.70 डॉलर प्रति शेयर के हिसाब से एडजस्टेड प्रॉफिट पोस्ट किया।

## सीआरआई सोलर को 210 करोड का मल्टी-स्टेट ऑर्डर

# 6,894 सोलर पंपिंग सिस्टम की आपूर्ति करेगा



रांची। सीआरआई पंप्स का एक प्रमुख प्रभाग और नवीकरणीय ऊर्जा संचालित जल समाधानों में अग्रणी, सीआरआई सोलर को हाल ही में एक बड़ा ऑर्डर मिला है। उन्हें महाराष्ट्र ऊर्जा विकास एजेंसी (मेडा), हरियाणा नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (हरेडा), और पंजाब ऊर्जा विकास एजेंसी (पेडा) से कुल 6,894 सोलर पंपिंग सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग का कार्य मिला है। इन सभी ऑर्डरों का कुल मूल्य Rs.210 करोड़ है। ये प्रतिष्ठित ऑर्डर भारत के कृषि क्षेत्रों में टिकाऊ सिंचाई व्यवस्था को मजबूत करने के एक बड़े प्रयास का हिस्सा हैं। ये साझेदारियाँ इस बात पर जोर देती हैं कि सीआरआई, केंद्र और राज्य सरकारों को नवीकरणीय ऊर्जा और कृषि उत्पादकता के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। परियोजना का क्रियान्वयन संबंधित एजेंसी की समय-सीमा के अनुसार शुरू होगा। इसमें सीआरआई सोलर अपनी व्यापक विशेषज्ञता का उपयोग करते हुए, बड़े पैमाने पर सोलर वाटर पंपिंग परियोजनाओं को सटीकता और गुणवत्ता आश्वासन के साथ पूरा करेगा। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, सीआरआई ग्रुप के चेयरमैन जी. सौंदराराजन ने कहा: यह समेकित उपलब्धि भारत के ग्रामीण और कृषि परिदृश्य में स्वच्छ, विश्वसनीय और टिकाऊ जल पहुंच को सक्षम बनाने के लिए सीआरआई की अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ती है। ये परियोजनाएं केवल अवसंरचना से कहीं अधिक हैं—ये ग्रामीण समृद्धि, ऊर्जा दक्षता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के सक्षमकर्ता हैं। जैसे-जैसे भारत अपने स्वच्छ ऊर्जा एजेंडे को बढ़ावा देना जारी रखता है, सीआरआई सोलर नवाचार और प्रभाव के साथ आगे से नेतृत्व करने के लिए तैयार है।

### ईरान-इजरायल युद्ध: 3.55 लाख करोड़ का व्यापार खतरे में

नई दिल्ली। अमेरिका द्वारा ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले से पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ता ही जा रहा है। ईरान ने अब हॉर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की चेतावनी तक दे दी है। अगर इजरायल और ईरान के बीच चल रहा युद्ध लंबा चलता है तो इससे भारत को बड़ा नुकसान हो सकता है। भारत का ईरान, इराक, इजराइल, जॉर्डन, लेबनान, सीरिया और यमन के साथ सालाना 41.8 अरब डॉलर (लगभग 3.55 लाख करोड़) से अधिक का व्यापार खतरे में पड़ जाएगा। युद्ध से अगर समुद्री मार्गों, बंदरगाहों या वित्तीय प्रणाली में कोई रुकावट आती है तो इससे भारत का व्यापार प्रवाह प्रभावित होगा और इससे माला भाड़ा और समुद्री जहाजों की बीमा लागत तो बढेगी ही आपूर्ति श्रृंखला पर जोखिम भी बढ जाएगा। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, होर्मुज जलडमरूमध्य तथा रेड सी में इस युद्ध के लंबा खिंचने पर उत्पन्न होने वाली बाधाओं से भारत चिंतित है। अभी तक तो भारत और खाड़ी देशों के बीच व्यापार पर असर नहीं पड़ा है।

# ध्वस्तीकरण नोटिस की आड़ में अवैध उगाही का धंधा!



नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा प्राधिकरण के ध्वस्तीकरण आदेश हवा हवाई साबित हो रहे हैं। वहीं इस आदेश की आड़ में अवैध वसूली का भी धंधा होने की चर्चा है।

बता दें कि विभिन्न वर्क सर्किल में होने वाले अवैध निर्माण को लेकर नोटिस जारी कर चस्पा कर दिया जाता है। नोटिस में अवैध निर्माण को रोकने तथा आदेश का अनुपालन न करने पर ध्वस्तीकरण की चेतावनी दी जाती है।

कुछ पीड़ित लोगों ने बताया कि इस नोटिस की आड़ में जेई व अन्य निचले कर्मचारी भवन व भूखंड पर काबिज लोगों से सौदेबाजी करके मोटी कमाई कर रहे हैं। यह धंधा वर्क सर्किल-1 में ज्यादा है। हालांकि अन्य वर्क सर्किल भी इस धंधे में पीछे नहीं है।

इसी कड़ी में वर्क सर्किल-1 में सेक्टर-5 हरौला में बारातघर के नजदीक खसरा नं- 892 में नोएडा प्राधिकरण ने 5 मई 2025 को नोटिस चस्पा कर अवैध निर्माण रोकने तथा ध्वस्तीकरण की चेतावनी दी थी।

यही नहीं प्राधिकरण के जेई ने इसकी लिखित शिकायत भी फेस-1 थाने में 2 मई को की थी। प्राधिकरण ने नोटिस में लिखा कि यह जमीन नोएडा प्राधिकरण की अर्जित जमीन है। यहां पर अवैध निर्माण के अलावा अंग्रेजी शराब का ठेका भी अवैध रूप से खोल दिया गया है। लेकिन करीब दो महीने हो गये अभी तक न तो अवैध निर्माण रोका गया और न ही ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। लोगों का कहना है कि यहां भी अन्य सर्किल की तरह ध्वस्तीकरण नोटिस की आड में इस मामले में भी अवैध उगाही का धंधा शुरू हो गया है। इसीलिए नोटिस के दो माह बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हो रही है।

## पृष्ठ एक के शेष....

**दो घरों में चोरों...**
वहीं थाना दादरी क्षेत्र के मोहल्ला ब्रह्मपुरी में रहने वाले प्रशांत शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दो अज्ञात व्यक्ति उनके घर से सोनी कंपनी का एम-3 प्रोफेशनल कैमरा व दो मोबाइल फोन चोरी कर ले गए। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस दोनों मामलों की जांच पड़ताल कर चोरों की तलाश करने का प्रयास कर रही है।

**दहेज लोभियों की...**
पीड़िता ने आरोप लगाया कि इस मामले में उसके पति ने अपने भाइयों का ही पक्ष लिया। अपनी बेटी व अपने भविष्य की वजह से ससुराल वालों के अत्याचारों को सहती रही। कुछ समय बाद ससुराल वालों ने उसे घर से निकाल दिया। उसके परिजनों ने ससुराल वालों को समझने का प्रयास किया। लेकिन वह गाड़ी, नगदी, सोने की चेन की जिद पर अड़े रहे। पीड़िता के मुताबिक एक दिन उसके पति व देवर ने उसे जान से मारने की नीयत से उसके ऊपर कर चढ़ा दी और उसे घायल कर फरार हो गए पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने उसके पति आकाश उर्फ पप्पू,सास शारदा, देवर हरीश, पंकज ननद सीमा, सुषमा व रानी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच पड़ताल कर रही है।

**जुआ खेलते चार...**
रोहित व अविनाश बताये। उनके पास से दांव पर लगे 850 रुपए की नगदी, ताश की गड्डी बरामद हुई। थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए जुआरियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया है।

**बीएएलएलबी की...**
खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वहीं थाना जारचा क्षेत्र से एक (16 वर्षीय) किशोरी को युवक भागकर ले गया। किशोरी के पिता के मुताबिक उनकी बेटी 22 जून को सिलाई केंद्र पर सिलाई सीखने के लिए गई थी। इसके बाद वह वापस नहीं लौटी। देर शाम तक घर ना लौटने पर उन्होंने जब अपनी बेटी की तलाश की तो पता चला कि छोलस गांव का रहने वाला शनि उनकी बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया है।

**ट्रैक्टर ट्राली ने उबर....**
संतुलन खो बैठा और उसने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के पीछे बैठे प्रयागराज शर्मा की मौके पर ही मौत हो गई और बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाने के बजाय ट्रैक्टर चालक उन्हें तड़पता हुआ मौके पर ट्रैक्टर ट्राली को छोड़कर फरार हो गया।
मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को अस्पताल लेकर पहुंची जहां चिकित्सकों ने प्रयागराज शर्मा को मृत घोषित कर दिया। इस हादसे में घायल उबर टैक्सी बाइक का चालक अभी भी आईसीयू में भर्ती है। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। ट्रैक्टर ट्राली को जप्त कर चालक की तलाश की जा रही है।

## खास खबर

### दिल्ली समेत पूरे उत्तर भारत में मौसम का मिजाज बदला, येलो और ऑरेंज अलर्ट

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के साथ-साथ उत्तर प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भी मानसून पूरी तरह सक्रिय हो चुका है और आने वाले दिनों में इन राज्यों में मौसम का मिजाज बदलने वाला है। जहां दिल्ली-एनसीआर में तापमान में गिरावट के साथ गरज-चमक और बारिश की संभावना है, वहीं उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कई जिलों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। उधर, छत्तीसगढ़ में भी मानसून ने समय से पहले दस्तक दी थी और अब वहां गरज-चमक के साथ वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार इन राज्यों में आगामी एक सप्ताह तक मौसम का मिजाज सुहावना तो रहेगा लेकिन कई जगहों पर खराब मौसम के चलते सतर्कता बरतने की जरूरत है।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रांत प्रचारक बैठक दिल्ली में 4 से

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक प्रांत प्रचारक बैठक 4 से 6 जुलाई तक दिल्ली के केशवकुंज संघ कार्यालय में आयोजित होगी। बैठक में देशभर के संघ पदाधिकारी, प्रशिक्षण वर्गों की समीक्षा और आगामी शताब्दी वर्ष की योजनाओं पर विचार करेंगे। बैठक में वर्ष 2025-26 की सरसंघचालक की प्रवास योजना, शताब्दी वर्ष की गतिविधियों के क्रियान्वयन और हालिया प्रशिक्षणों की समीक्षा की जाएगी। संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर के अनुसार, यह अखिल भारतीय बैठक 4 से 6 जुलाई तक दिल्ली के केशवकुंज में होगी। इसमें संघ के 11 क्षेत्रों के क्षेत्र प्रचारक एवं सह क्षेत्र प्रचारक और 46 प्रांतों के प्रांत प्रचारक एवं सह प्रांत प्रचारक शामिल होंगे। संघ प्रेरित विविध संगठनों के अखिल भारतीय संगठन मंत्री भी बैठक में भाग लेंगे।

### पॉपुलर टीवी शो अनुपमा के सेट पर लगी भीषण आग

**मुंबई।** गोरेगांव फिल्म सिटी में टीवी के पॉपुलर सीरियल 'अनुपमा' के सेट पर सोमवार की सुबह अचानक भीषण आग लग गई। इस घटना में अनुपमा का सेट पूरा तरह जलकर खाक हो गया। फायर ब्रिगेड की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। मौके पर आग लगने के कारणों की छानबीन आरे मार्ग पुलिस स्टेशन की टीम कर रही है। पुलिस के अनुसार गोरेगांव फिल्म सिटी में सीरियल 'अनुपमा' के सेट पर आज सुबह शूटिंग चल रही थी। इसी दौरान सुबह करीब 5 बजे सीरियल के सेट पर आग लग गई, जिससे यहां अफरातफरी मच गई। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। आग पर काबू पा लिया गया है लेकिन सेट पूरी तरह जल गया है, जिससे निर्माता को भारी नुकसान हुआ है। उधर, अखिल भारतीय सिने वर्कर्स एसोसिएशन (एआईसीडब्ल्यूए) के अध्यक्ष सुरेश श्यामलाल गुप्ता ने प्रदेश के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखकर आग की घटना की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

### आईएसआईएस से संबंध के आरोप में तीन युवक गिरफ्तार

**कोलकाता।** दक्षिण कोलकाता के कस्बा इलाके में किराए के एक फ्लैट से तीन युवकों को आतंकी संगठन आईएसआईएस से कथित संबंध के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। केंद्रीय खुफिया एजेंसी ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए इन्हें रविवार देर रात गिरफ्तार किया। दिन के समय इन्हें हिरासत में लिया गया था और पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। तीनों को गहन पूछताछ के लिए दिल्ली ले जाया गया है। सूत्रों के अनुसार, खुफिया एजेंसियों को जानकारी मिली थी कि आईएसआईएस के कुछ संदिग्ध सदस्य कोलकाता में छिपे हुए हैं और वे सीधे सीरिया से संपर्क बनाए हुए हैं।

## नोएडा में कुलपतियों का दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शुरू

# नई शिक्षा नीति के लिए हमें गंभीर होना होगा: उपराष्ट्रपति

- आज होने वाले समापन समारोह में राज्यपाल होंगी शामिल

एजेंसी

**नोएडा।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि नई शिक्षा नीति को लेकर हमें खुद गंभीर होना होगा। साथ ही छात्रों को भी इस पर उतनी ही गंभीरता से समझना होगा। छात्रों को यह भी बताना होगा कि नई शिक्षा नीति जीवन के लिए कितनी कितनी जरूरी है और इस नीति के तहत चलने से बहु अवसर मिल सकते हैं। उपराष्ट्रपति धनखड़ सोमवार को यहां नोएडा में सेक्टर-125 में स्थित एमिटी विश्वविद्यालय में कुलपतियों के दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले इस सम्मेलन का शुभारंभ उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और एमिटी शिक्षण समूह के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार चौहान ने संयुक्त रूप से किया। मंगलवार 24 जून को होने वाले समापन समारोह में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल मुख्य अतिथि होंगी। इस वर्ष सम्मेलन का विषय हृभविष्य की उच्च शिक्षा की परिकल्पना-भारत की निर्णायक भूमिकाहृ है। उद्घाटन सत्र में उपराष्ट्रपति ने एआईयू की 100 वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित एक कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी किया। इस दो दिवसीय शिखर सम्मेलन में भारत सहित 19 देशों के




विश्वविद्यालयों के कुलपति भाग ले रहे हैं। इसमें तीन सौ से अधिक कुलपति सीधे और लगभग दो सौ कुलपति ऑनलाइन माध्यम से शामिल हुए हैं। सम्मेलन में नई शिक्षा नीति 2020, डिजिटलीकरण, नीतिगत सुधार, समावेशी शिक्षा, और भारतीय उच्च शिक्षा की वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भूमिका जैसे विषयों पर मंथन किया जा रहा है। इस सम्मेलन को लेकर एमिटी विश्वविद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इसका उद्देश्य उच्च शिक्षण संस्थानों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना और एक ऐसी रणनीतिक कार्य योजना बनाना है, जो नीति निर्माण और संस्थागत सुधारों को दिशा दे। सत्रों के अंत में तैयार की गई सिफारिशों को राज्यपालों, शिक्षा मंत्रालय और शीर्ष निकायों को भेजा जाएगा। प्रबंधन ने बताया कि इस सम्मेलन में दो पूर्ण सत्रों के अलावा 10 समानांतर ट्रैक आयोजित किए जाएंगे, जिनमें एआई और उभरती तकनीकों का एकीकरण, शिक्षण में वर्चुअल और ऑगमेंटेड रियलिटी का उपयोग, उच्च शिक्षा में साइबर सुरक्षा और डेटा गोपनीयता, अनुभव आधारित शिक्षण और नवीन मूल्यांकन विधियां और हरित और सतत परिसरों का निर्माण शामिल है।

## जेपी नड्डा ने बलिदान दिवस पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि



एजेंसी

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर पार्टी मुख्यालय में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। नड्डा ने कहा कि आज पूरे देश में भाजपा के कार्यकताओं द्वारा डॉ. मुखर्जी जी की 72वीं पुण्यतिथि पर उनकी याद में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। नड्डा ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जन्म बंगाल में हुआ और उनका बहुत बड़ा योगदान आजादी में और वर्तमान पश्चिम बंगाल, जम्मू-कश्मीर, असम को भारत का हिस्सा बनाने में है। डॉ. मुखर्जी बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे। वो एक स्कॉलर थे, 33 वर्ष की आयु में वो कलकत्ता यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर बने। जनसेवा और राष्ट्रोत्थान के उनके विचार एवं कार्य हम सभी देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत हैं। डॉ. मुखर्जी जम्मू-कश्मीर और पश्चिम बंगाल को भारत का अभिन्न हिस्सा बनाये रखने के लिए वैचारिक और राजनीतिक रूप से आजीवन संघर्षरत रहे। देश में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की लौ को चलायमान रखने के लिए उन्होंने जनसंघ के रूप में नया विचार प्रस्तुत किया।

# भारतीय सेना ने दुश्मन के ठिकानों पर सटीक हमलों के लिए खरीदे 450 नागास्त्र आत्मघाती ड्रोन

- लोइटरिंग म्यूनिशन सिस्टम में 80 फीसदी से ज्यादा स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल हुआ

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना 450 नागास्त्र-1आर लोइटरिंग युद्ध सामग्री का ऑर्डर देकर अपनी सटीक हमला क्षमताओं को बढ़ा रही है। जीपीएस से लैस इन स्वदेशी 'आत्मघाती ड्रोन में सटीकता के साथ हमले करने की क्षमता, उच्च ऊंचाई पर संचालन और दिन-रात निगरानी की सुविधा है। दुश्मन के



ठिकानों पर सटीक हमलों के लिए डिजाइन किया गया यह हथियार देश के सैन्य ढांचे को और मजबूत करेगा। इस सिस्टम का परीक्षण लद्दाख और उत्तर प्रदेश में झांसी के पास बबीना सहित विभिन्न स्थानों पर किया गया है। आने वाले समय में ऐसे और भी अत्याधुनिक स्वदेशी हथियार सेना को मिल सकते हैं। नागपुर की सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड में निर्मित अत्याधुनिक लोइटरिंग म्यूनिशन नागास्त्र-1आर की पहली खेप हासिल करने के बाद भारतीय सेना ने उपयोग किया है। इस हथियार की बढ़ती जरूरतों को देखते हुए अब सेना ने अपनी सटीक हमला क्षमताओं को बढ़ाने, अपनी पैदल सेना को आधुनिक बनाने के लिए 450 नागास्त्र-1आर लोइटरिंग युद्ध सामग्री का ऑर्डर दिया है। यह एक किफायती सिस्टम है, जिसमें लॉन्चर सिस्टम की पूरी तरह से दोबारा इस्तेमाल की जा सकने वाली खूबियां हैं। इस सिस्टम में 360 डिग्री का जिम्बल कैमरा लगा है? और रात में ऑपरेशन करने के लिए थर्मल कैमरा लगाने का विकल्प भी है। सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड में निर्मित लोइटरिंग म्यूनिशन सिस्टम में 80 फीसदी से ज्यादा स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल हुआ है।

## 30 जून से शुरू होगी अग्निवीरों की भर्ती

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने अग्निवीर भर्ती 2025 के लिए अपनी चयन प्रक्रिया में एक बड़ा बदलाव किया है। इस बार अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया को पहले से ज्यादा पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए सेना ने आंखों की स्कैनिंग (आइरिस स्कैन) तकनीक को शामिल करने का फैसला किया है। यह कदम न केवल फर्जीवाड़ा रोकने में मदद करेगा, बल्कि अभ्यर्थियों की पहचान को भी अधिक सटीक बनाएगा। अग्निवीर भर्ती परीक्षा 30 जून 2025 से शुरू होगी। अग्निवीर भर्ती 2025 के तहत, ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम 30 जून से 10 जुलाई 2025 के बीच आयोजित किया जाएगा। अग्निवीर भर्ती परीक्षा 2025 के लिए एडमिट कार्ड पहले ही जारी किए जा चुके हैं। इस भर्ती रैली का आयोजन बिहार के मुजफ्फरपुर में चक्कर मैदान पर अगस्त 2025 में किया जाएगा। अग्निवीर भर्ती परीक्षा 2025 एडमिट कार्ड भारतीय सेना की ऑफिशियल वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। साथ ही लेटेस्ट अपडेट्स भी यहीं चेक करें। अब तक अग्निवीर भर्ती में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए भारतीय सेना डिजिटल रिस्ट बैंड और बायोमेट्रिक टेक्नीक्स का इस्तेमाल करती थी। इन तरीकों के बावजूद, इस प्रक्रिया में ऐसे कुछ मामले सामने आए, जहां फिजिकल टेस्ट के दौरान धोखाधड़ी हुई। इसे देखते हुए भारतीय सेना ने आइरिस स्कैनिंग को अपनाने का फैसला लिया है। इस तकनीक के तहत हर अभ्यर्थी की आंखों की स्कैनिंग की जाएगी। इससे एक यूनीक डेटासेट तैयार होगा। भर्ती रैली के दौरान अभ्यर्थियों की पहचान वेरिफाई करने के लिए इस डेटासेट का इस्तेमाल किया जाएगा। आइरिस स्कैनिंग तकनीक बहुत सटीक होती है। साइंस के अनुसार, हर व्यक्ति की आंखों का पैटर्न अनोखा यानी दूसरे से अलग होता है। आइरिस स्कैनिंग तकनीक से न केवल फर्जी अभ्यर्थियों को पकड़ना आसान होगा, बल्कि यह भी सुनिश्चित होगा कि केवल पात्र उम्मीदवार ही अगले चरण में आगे बढ़ें। यह प्रक्रिया पहली बार बिहार के मुजफ्फरपुर में अग्निवीर भर्ती परीक्षा में शुरू होगी। इसके बाद इसे अन्य अग्निवीर भर्ती रैली में भी लागू किया जाएगा। इससे पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी।

## हिज्बुल्लाह ने ईरान के परमाणु स्थलों पर अमेरिकी हमलों की निंदा की

एजेंसी

**बेरूत।** लेबनान स्थित ईरान समर्थित सशस्त्र गुट हिज्बुल्लाह ने अमेरिका द्वारा ईरान के प्रमुख परमाणु ठिकानों पर किए गए हवाई हमलों की तीव्र निंदा की है। संगठन ने इसे शांतिपूर्ण परमाणु प्रतिष्ठानों पर बर्बर और विश्वासघाती हमला करार दिया। हिज्बुल्लाह ने एक आधिकारिक बयान में कहा, यह हमला एक लापरवाह और खतरनाक उकसावे की कार्रवाई है, जो पूरे क्षेत्र में युद्ध के दायरे को और बढ़ा सकती है। संगठन ने ईरान और उसकी नेतृत्व व्यवस्था के साथ पूर्ण एकजुटता व्यक्त की है। हिज्बुल्लाह को अक्टूबर 2023 से इजराइली सैन्य अभियानों के चलते भारी नुकसान झेलना पड़ा है, जिससे उसकी सैन्य क्षमता कमजोर हुई है। इसके बावजूद, संगठन ने अमेरिका के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए ईरान के साथ अपने गठजोड़ को दोहराया है। इस बयान को पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच एक और गंभीर चेतावनी के रूप में देखा जा रहा है, जहां पहले ही इजराइल-ईरान संघर्ष के साथ अमेरिका की सैन्य भागीदारी हालात को विस्फोटक बना रही है।

## ईरान पर अमेरिकी हमलों को लेकर वैश्विक प्रतिक्रिया

## तनाव कम करने की अपील, कूटनीति की वकालत

एजेंसी

**वॉशिंगटन/तेहरान।** अमेरिका द्वारा रविवार को ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर किए गए हवाई हमलों के बाद दुनिया भर के कई देशों ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। जहां कुछ देशों ने ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं को लेकर चिंता जताई, वहीं अधिकांश देशों ने क्षेत्रीय तनाव को कम करने और वार्ता की वापसी की अपील की है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने स्थिति को बेहद चिंताजनक बताते हुए कहा कि यह संघर्ष तेजी से नियंत्रण से बाहर हो सकता है और इसका असर आम नागरिकों, पूरे क्षेत्र और दुनिया पर पड़ सकता है। उन्होंने स्पष्ट कहा, इस संकट का कोई सैन्य समाधान नहीं है, केवल कूटनीति ही रास्ता है। यूनाइटेड किंगडम के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि ईरान परमाणु हथियार कभी हासिल न करे, यह वैश्विक सुरक्षा के लिए अनिवार्य है। उन्होंने अमेरिका के हमलों को समर्थन नहीं दिया लेकिन ईरान के परमाणु कार्यक्रम को गंभीर खतरा बताया। उन्होंने क्षेत्रीय स्थिरता के लिए बातचीत को प्राथमिकता दी। रूस ने हमलों को अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताते हुए कड़ी निंदा की। रूसी सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष दिमित्री मेदवेदेव ने दावा किया कि कुछ देश ईरान को परमाणु हथियार देने के लिए तैयार हैं और अमेरिकी हमले ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षा को नहीं रोक सकते। इराक ने अमेरिका की कार्रवाई को क्षेत्रीय शांति के लिए गंभीर खतरा बताते हुए चेतावनी दी कि यह टकराव किसी एक देश की सीमाओं से बाहर फैल सकता है। मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फत्ताह अल-सीसी ने कहा कि मध्य पूर्व में संघर्ष का विस्तार श्गंभीर परिणामश् ला सकता है और शांति वार्ता की आवश्यकता पर बल दिया। सऊदी अरब ने अमेरिकी हमलों को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की लेकिन खुलकर निंदा नहीं की। विदेश मंत्रालय ने सभी पक्षों से संयम बरतने और तनाव न बढ़ाने की अपील की।

## ईरान की मिसाइलों से इजराइल में बिजली स्टेशन तबाह, कई शहरों में बिजली गुल

एजेंसी

**तेल अवीव।** इस समय उत्तरी इजराइल में हमले के सायरन बज रहे हैं। कुछ समय पहले ईरान ने इजराइल के कई स्थानों पर मिसाइलें दागी हैं। इस हमले में एक बिजली स्टेशन तबाह हो गया है। इसके बाद आसपास के कई शहरों में बिजली गुल हो गई। द टाइम्स ऑफ इजराइल अखबार की खबर के अनुसार इस समय लगातार उत्तरी इजराइल में सायरन बज रहे हैं। नागरिकों को अगले आदेश तक सुरक्षित आश्रयों में रहने का निर्देश दिया गया है। इजराइल डिफेंस फोर्सेज ( आईडीएफ) के ताजा आकलन के अनुसार कुछ देर पहले ईरान ने



40 मिनट के अंदर छह या सात मिसाइलें दागीं। इन हमलों में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। इजराइल इलेक्ट्रिक कॉरपोरेशन के अनुसार दक्षिणी इजराइल में एक बिजली स्टेशन के बगल में बैलेस्टिक मिसाइल गिरने से आस-पास के शहरों में बिजली गुल हो गई। टीमें बिजली आपूर्ति बहाल करने के प्रयास कर रही हैं।

## यूक्रेनी सेना का दावा- रूसी सैनिक ने साथी की हत्या कर शव को खा लिया



एजेंसी

**कीव।** कीव की सैन्य खुफिया रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेन में अग्रिम मोर्चे पर तैनात एक रूसी सैनिक ने अपने साथी की हत्या कर दी और युद्ध के विकट हालातों में जान बचाने के लिए उसका शव खा लिया- लेकिन अंततः उसकी मौत हो गई। स्थानीय मीडिया के मुताबिक दो रूसी सैनिकों के बीच हुई बातचीत को यूक्रेन के मुख्य खुफिया निदेशालय ने कथित तौर पर इंटरसेप्ट कर लिया था। जिसमें नरभक्षी ब्रेलोक की चौंका देने वाली कहानी सामने आई थी, जिसने अपने देशवासी फोमा की हत्या की थी। यूक्रेन के मुताबिक रूस ने यूक्रेन पर तीन साल तक चले हमले के दौरान अपनी सेना को मजबूत करने के लिए हत्यारों और नरभक्षियों सहित दुर्दांत अपराधियों की भर्ती की है बताया गया कि सखालिन का नरभक्षी डेनिस गोरिन ने चार लोगों की हत्या की थी। उसे 2012 में 22 वर्ष की जेल की सजा सुनाई गई थी। उसने अपने पीड़ितों में से एक के शरीर का हिस्सा खा लिया था। उस रिपोर्ट के अनुसार, एक अन्य अपराधी, निकोले ओगोलोबियाक को 2008 में दो युवतियों की हत्या करने और उनके अंगों को पकाने का दोषी ठहराया गया था।

## ईरान में नेतृत्व परिवर्तन की संभावना से ट्रंप ने नहीं किया इनकार

एजेंसी

**वाशिंगटन।** ईरान ने अब तक यह नहीं साफ किया है कि अमेरिका के लड़ाकू विमानों ने उसे किन-किन परमाणु सुविधा केंद्र को नष्ट किया है। अमेरिका के सीधे लड़ाई में कूदन से वह एक कोने में घिरा नजर आ रहा है। इस बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के नेतृत्व में बदलाव का समर्थन करने से इनकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि इस समय अधिकारी परमाणु स्थलों पर हमलों का आकलन कर रहे हैं। द वॉल स्ट्रीट जनरल अखबार ने इस घटनाक्रम का विश्लेषण किया है। इसमें कहा कि अमेरिका के ईरान के सबसे



मजबूत परमाणु स्थलों पर हमला करने के बाद अब शासन के मौलवी नेताओं के सामने एक खतरनाक विकल्प है। मौलवी नेता अमेरिका पर पलटवार करें और दो दुश्मनों (इजराइल और अमेरिका) के साथ युद्ध को बढ़ाने का जोखिम उठाएं। या परमाणु वार्ता पर वापस लौटें। अखबार का कहना है कि परमाणु वार्ता पर वापस लौटने का मतलब यह होगा कि उन्हें संभवतः परमाणु संवर्धन और उनके बैलिस्टिक-मिसाइल शस्त्रागार पर रियायतें देनी होंगी। यही देश की संप्रभुता के दो स्तंभ हैं। ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने अमेरिकी हमले के बाद अपनी पहली टिप्पणी में अमेरिका का उल्लेख कहीं भी नहीं किया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में इजराइल पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कहा कि इजराइल ने एक गंभीर गलती की और इसकी उसे अभी सजा मिल रही है। इजराइल ने ईरान के सैन्य ढांचे के खिलाफ और हमलों की घोषणा की है। ईरान ने इजराइल की ओर एक और मिसाइल हमला किया है। यूरोप के नेताओं ने ईरान से इस तरह से जवाब न देने का आग्रह किया जिससे क्षेत्र में अस्थिरता पैदा हो।

# सीरिया में हुए धमाके में मरने वालों की संख्या हुई 22

- एक शख्स अंदर घुसा और गोलीबारी शुरू कर दी। उन्होंने कहा, लोगों ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन उसने खुद को उड़ा लिया

एजेंसी

**दमिश्क।** सीरिया की राजधानी दमिश्क में हुए आत्मघाती हमले में मरने वालों की संख्या 22 हो गई है। इसके अलावा कई घायलों का इलाज चल रहा है, उनकी हालत गंभीर है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक इस भीषण हमले में 22 लोगों की मौत हो गई है। वहीं 63



अन्य लोग घायल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक लोगों ने हमलवार को रोकने की कोशिश भी की थी। लॉरेंस मामारी हमले के समय चर्च के अंदर थे। उन्होंने एएफपी को बताया कि एक शख्स अंदर घुसा और गोलीबारी शुरू कर दी। उन्होंने कहा, लोगों ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन उसने खुद को उड़ा लिया। 40 वर्षीय ज़ियाद हेलो, जो पास की एक दुकान पर थे, ने कहा कि उन्होंने गोलियों की आवाज सुनी और फिर भीषण धमाका हुआ। जानकारी के मुताबिक हमलवार ने लोगों की भीड़ से भरी चर्च में खुद को उड़ा लिया। उस वक्त लोग रविवार की प्रार्थना के लिए भारी संख्या में जुटे थे।अधिकारियों के मुताबिक हमलवार आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट से जुड़ा था। हमले के बाद चर्च के अंदर की भयानक तस्वीरें सामने आई हैं जहां बेंचों और फर्श पर खून ही खून दिखाई दे रहे थे। देश के आंतरिक मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि खुद को उड़ाने से पहले हमलवार ने गोलीबारी भी की थी। बयान में कहा गया, दाएश (आईएस) आतंकवादी समूह से जुड़े एक आत्मघाती हमलावर ने ड्वेला इलाके में सेंट एलियास चर्च में घुसते ही गोलीबारी शुरू कर दी। फिर उसने विस्फोटक बेल्ट से खुद को उड़ा लिया। बता दें कि 2011 में देश में गृहयुद्ध शुरू होने के बाद से यह सीरिया में चर्च के अंदर पहला हमला था। इससे पहले सीरिया में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा नई सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बनी हुई है।

## अमेरिका एक बार फिर शर्त के साथ विदेशी छात्रों के लिए शुरू करेगा वीजा आवेदन की प्रक्रिया

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश विभाग ने घोषणा की है कि वह विदेशी छात्रों के लिए वीजा आवेदन की प्रक्रिया फिर से शुरू करेगा। इसके साथ विभाग ने शर्त रखी है कि आवेदकों को सरकारी समीक्षा के लिए अपने ह्यसोशल मीडिया अकाउंट्सह्व सार्वजनिक करने होंगे।अमेरिकी विदेश विभाग ने बुधवार को बयान में कहा, ह्यनए दिशा-निर्देशों के तहत, हम एफ, एम और जे गैर-प्रवासी वर्गों में आने वाले सभी छात्र और एक्सचेंज विजिटर आवेदकों की व्यापक और गहन जांच करेंगे, जिसमें उनकी ऑनलाइन उपस्थिति (सोशल मीडिया गतिविधियां) भी शामिल होगी। इस जांच को सुविधाजनक



बनाने के लिए, एफ, एम और जे गैर-अप्रवासी वीजा के सभी आवेदकों को अपने सभी सोशल मीडिया प्रोफाइल पर प्राइवेसी सेटिंग को सार्वजनिक करने का निर्देश दिया जाएगा। विदेश विभाग के अनुसार, अमेरिका और उसके नागरिकों की सुरक्षा करना उसकी प्रतिबद्धता है, जिसे वीजा प्रक्रिया के जरिए राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक सुरक्षा के सर्वोच्च मानकों को बनाए रखते हुए सुनिश्चित किया गया है।

## लैवेंडर तेल और बर्न्स - क्या फायदे हैं?

लैवेंडर तेल के उपयोग करने का मुख्य लाभ, प्राकृतिक रूप से त्वचा के जलने का उपचार है। हालांकि बाजार में कई तरह की बर्न क्रीम मिलती है, लेकिन उनमें से ज्यादातर में हानिकारक केमिकल मौजूद होते हैं। अगर आप अपने स्वास्थ्य और भलाई की परवाह करते हैं तो आवश्यक तेल जैसे लैवेंडर त्वचा के जलने के उपचार के लिए एक बढ़िया घरेलू उपाय हो सकता है।



## मोटापा कम करने के लिए मुद्राएं

मोटापा ऐसी समस्या है जो अपने साथ कई तरह की बीमारी लेकर आती है। समय रहते काबू पाना बहुत जरूरी है। मोटापा कम करने में योग बहुत कारगर होता है। योगासनों के जरिए आप आसानी से मोटापा कम कर सकते हैं। मोटापे को दूर करने के लिए पृथ्वी मुद्रा का प्रयोग किया जाता है। और दूसरी मुद्रा है अपान वायु मुद्रा। इनका अभ्यास नियमित रूप से कम से कम 15 से 45 मिनट तक करेंगे, तभी इनका फायदा मिलेगा।





# ये आदतें नष्ट कर देती हैं शरीर के रोगों से लड़ने की क्षमता

**आदतें** ही होती हैं जो हमारे जीवन, सेहत और चरित्र आदि का निर्माण करती हैं। स्वस्थ रहने के लिए आपको एक आदर्ष जीवशैली और अच्छी आदतों का पालान करना होता है। जिसमें नियमित व्यायाम व पौष्टिक आहार आदि शामिल होते हैं। इस तरह शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है और शरीर रोगों से दूर रहता है। वहीं हमारी जीवनशैली से जुड़ी खराब आदतें हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती हैं। लेकिन कुछ खराब आदतें ऐसी भी होती हैं, जिनसे शरीर के रोगों से लड़ने की क्षमता खतम हो जाती है।

अकसर जाने-अनजानें हमारी कई आदतें हमें कई रोगों की ओर ढ़केल देती हैं। इन आदतों के चलते शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है और शरीर बीमारियों से लड़ नहीं पाता है और बीमारियों के बैक्टीरिया और वाइरस शरीर की प्रणाली पर हमला कर आसानी से उसे खराब करने लगते हैं। इसमें से कई आदतों के बारे में तो हमें पता ही नहीं चलता है।

### रोग प्रतिरोधक क्षमता कम करने वाली आदतें

- लगातार देर तक धूप में रहने से इम्यून पावर कमजोर हो सकती है। यूं तो सुबह की ताजी सूरज की रोशनी से शरीर को विटामिन डी मिलता है जिससे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है लेकिन बहुत ज्यादा तेज धूप में रहने से त्वचा को नुकसान हो सकता है और त्वचा कैंसर तक की समस्या हो सकती है।
- बहुत ज्यादा तनाव से भी रोग प्रतिरोधक क्षमता घटने लगती है। तनाव होने पर शरीर में कोर्टिसोल (तनाव हार्मोन) का स्तर बढ़ जाता है जिससे इम्यूनिटी तो कमजोर होती ही है, साथ ही पाचन क्रिया भी पूरी तरह से गड़बड़ा जाती है।
- साफ-सफाई के प्रति लचर व्यवहार भी रोग प्रतिरोधक क्षमता को नाकारात्मक तरीके से प्रभावित करता है। शरीर का साफ-सफाई पर ध्यान ना देने से हानिकारक कीटाणु शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। जिससे कई बीमारियों और इंफेक्शन हो जाते हैं। साथ ही बहुत ज्यादा शराब का सेवन या धूम्रपान भी शरीर की रोगों से लड़ने की शक्ति कम हो जाती है।
- जाने-अनजाने में ही सही लेकिन खाने की गलत आदतें और बदपरहेजी धीरे धीरे रोग प्रतिरोधक त्क्षमता को खत्म करती हैं और कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी का कारण भी बन सकती हैं। एक ताजा शोध के अनुसार तो डिब्बाबंद और माइक्रोवेव में बनाए खाद्य को खाने से कैंसर सहित कई गंभीर बीमारी हो सकती हैं। इसके अलावा पर्याप्त नींद न लेने से ये दिमाग व पाचन क्रिया को सीधे-सीधे प्रभावित करती है। और इससे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी घटती है। इसलिए समय से सोएं और पूरी नींद लें। नियमित एक्सरसाइज करें और अच्छा भोजन करें। इस तरह आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी और रोग आपको छू भी नहीं पाएंगे।



# खुशखबरी देने का सही समय है

# बारहवां हफ्ता

**गर्भावस्था** का बारहवां हफ्ता यानी गर्भवर्ती महिला दूसरी तिमाही में प्रवेश करने वाली है। अब गर्भपात का जोखिम न के बराबर है। यदि मां बनने वाली महिला दोस्तों और रिश्तेदारों को यह खुशखबरी नहीं दी है तो अब उन्हें यह खबर दे सकती हैं। दूसरी तिमाही में प्रवेश करने पर महिलाएं राहत महसूस करती हैं। अब उन्हें जल्द ही मां बनने का अहसास मन ही मन खुशी देता है। इस समय कुछ महिलाओं का बेबी बंप दिखाई देने लगता है, जब्कि कुछ का दिखाई भी नहीं देता। यदि गर्भवर्ती महिला के अंदर कोई शारीरिक बदलाव नहीं हो रहा तो परेशानी होने की काई बात नहीं है। आंतरिक परिवर्तन लगातार जारी हैं।

### बच्चे का विकास

दूसरी तिमाही में प्रवेश कर लिया है, अब बच्चे के विकास में तेजी आएगी। मस्तिष्क हार्मोन का उत्पादन शुरू करेगा और तंत्रिका कोशिकाएं भी जल्द बढ़ेंगी। गर्भ में पल रहा शिशु तरल पदार्थ को चूसना और आहार को निगलना शुरू कर देगा। सब कुछ सही रहने पर शिशु की लंबाई और आकार में परिवर्तन होता रहेगा।

बच्चे की मुट्ठी, खोलने और बंद करने की प्रक्रिया भी अब शुरू होने लगती है। समय समय पर बच्चे के होठ और भौंहे सिकुड़ने लगते हैं। आंखें और कान चेहने के अनुपात में विकसित होने शुरू हो जाता हैं। हफ्तों और महीनों का समय बीतने के साथ शिशु की बनावट में और भी बदलाव आने लगता है।

### शरीर में परिवर्तन

गर्भावस्था के बारहवें सप्ताह के दौरान बच्चे की स्थिति में होने वाले परिवर्तन के कारण गर्भाशय के आकार में भी परिवर्तन दिखाई देगा। अब मां का पेट पहले से बड़ा होना शुरू हो जाएगा। इसके साथ ही वजन में दो से तीन पाउंड की वृद्धि हो जाएगी। त्वचा के रंग में भी कुछ परिवर्तन होगा। यदि त्वचा पर दाग हैं तो ये गर्भावस्था के दौरान और गहरे हो सकते हैं। कुछ महिलाओं में पेट के केंद्र से एक गहरे रंग का रेशा दिखाई देना शुरू हो सकता है, यह शिशु के जन्म के बाद गायब भी हो सकता है।

हर महिला के गर्भावस्था के दौरान अलग-अलग लक्षण होते हैं, इसलिए यदि किसी महिला के लक्षण किसी से भिन्न हैं तो चिंता की बात नहीं है। गर्भावस्था के बारहवें सप्ताह में मां बनने वाली महिला के दिल में जलन भी अधिक हो सकती है। इसमें कमी लाने के लिए दिन भर थोड़ी-थोड़ी मात्रा में आहार लें। चिकित्सक से ऐसे खाद्य पदार्थ के बारे में जानकारी करें, जिनके सेवन से दिल में जलन न हो। यह समय मोलर गर्भावस्था का हो सकता है। इस समय नाल ठीक से विकसित नहीं होती। धब्बे या योनि से खून बहता दिखाई दे सकता है। इस तरह की परेशानी होने पर बिना किसी लापरवाही के चिकित्सक से परामर्श करें। इस तरह की परेशानी गर्भपात का कारण भी बन सकती है।

### क्या उम्मीद की जाती है

दूसरी तिमाही में जाने पर गर्भपात का जोखिम काफी कम हो गया है। सुबह को होने वाली परेशानी, थकान और मितली जैसी दिक्कतें भी कम होंगी। पहले से अच्छा महसूस कर रही होगी। आपके हार्मोन बच्चे के विकास के साथ समायोजन कर रहे हैं और सब अच्छी तरह से चल रहा होना चाहिए। त्वचा सूर्य के प्रकाश के प्रति अतिसंवेदनशील बनी महसूस हो सकती है। इस समय त्वचा पर दाग या काले धब्बे बन सकते हैं। धूप में जाने से पहले सनस्क्रीन का इस्तेमाल फायदेमंद रहेगा। संतुलित आहार योजन को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं रखें। जो महिलाएं पहले गर्भवती रह चुकी हैं, उनसे बात करें और उनके अनुभवों को जानने की कोशिश करें। अपने और बच्चे के स्वास्थ्य की निगरानी के लिए समय-समय पर चिकित्सक से मिलते रहें।

### सुझाव / सलाह

सफलता पूर्वक पहली तिमाही पूरी कर ली है। अब दूसरी तिमाही की शुरूआत हो चुकी है। पहले के मुकाबले शारीरिक व मानसिक रूप से बेहतर महसूस कर रही हैं। यदि आने वाले दिनों में गर्भवर्ती महिला को यात्रा करने का विचार बन रहा है तो उसके लिए यह समय बेहतर है। सुबह को होने वाली परेशानी से भी राहत मिलेगी। दोस्तों और रिश्तेदारों से मिलने वाली बधाईयां आपकी खुशी को दोगुना कर देंगी। अन्य महिलाओं की गर्भावस्था के दौरान की बातों को सुनकर उनसे अपने अनुभवों की तुलना न करें। जरूरी नहीं कि हर महिला की गर्भावस्था के दौरान का अनुभव एक जैसा ही हो। यदि इस सबके बाद मन में अगर कोई प्रश्न है तो चिकित्सक से परामर्श करना अच्छा रहेगा।

### गर्भावस्था के बारहवें हफ्ते में

- पहली तिमाही के मुकाबले गर्भवर्ती महिला को कम थकान और मितली भी कम आएगी। इस समय कोशिश करें कि तनाव न लें। इससे ऊर्जा स्तर में वृद्धि होगी।
- अब एरोबिक्स एक्सरसाइज को अपनी दिनचर्या में लागू कर सकती हैं। इसके लिए यह सही समय है।
- अपनी दिनचर्या में हल्की एक्सरसाइज को शामिल करें, इससे मां और गर्भस्थ शिशु दोनों ही स्वस्थ रहेंगे।





# कैंसर से लड़ने में मददगार हैं ये जादुई फूल

**कैंसर** रोग पूरी दुनिया के लिए एक बड़ी समस्या बना हुआ है। कैंसर के तेजी से बढ़ते मामले और जटिल इलाज के चलते लोगों के लिए यह रोग काफी डरावना बन चुका है। इसका बारे में बात करने से भी लोग घबराते हैं। शोध बताते हैं कि कैंसर दुनिया भर में हर साल हज़ारों मौतों का कारण बनता है। यह दरअसल शरीर में असामान्य कोशिकाओं की वृद्धि होती है, जो ऊतकों को मार देती हैं और अंततः शारीरिक प्रणाली को नष्ट कर देती हैं। कैंसर मानव प्रणाली के किसी भी हिस्से को प्रभावित कर सकता है। कैंसर के सबसे आम प्रकार में स्तन कैंसर, फेफड़ों का कैंसर, पेट के कैंसर, ल्यूकेमिया, प्रोस्टेट कैंसर व लिम्फोमा आदि शामिल होते हैं। लेकिन ऐसा भी माना जाता है कि कुछ प्राकृतिक औषधियों की मदद से भी कैंसर का इलाज किया जा सकता है। चलिए इस विषय के बारे में विस्तार से जानने का प्रयास करते हैं। जैसे कि माना जाता है कि डेंडलाइन का फूल कैंसर के उपचार में मददगार होता है।

**कैंसर का इलाज:** हालांकि कैंसर के कई प्रकारों का इलाज करना संभव होता है, लेकिन इस बीमारी के दोबारा होने का भी बड़ा जोखिम रहता है, जिसके चलते ये बीमारी और भी घातक हो जाती है। इस रोग के साथ इलाज के स्थायी होने की कोई गारंटी नहीं होती है। यही कारण है कि स्वास्थ्य संगठनों और अनुसंधान केन्द्रों द्वारा कैंसर के लिए एक स्थायी समाधान खोजने के प्रयास में हर साल लाखों-करोड़ों रुपए खर्च किया जा रहे हैं। हालांकि कैंसर के इलाज के लिये दवाएं, कीमो थेरेपी तथा जीवनशैली में सकारात्मक परिवर्तन आदि कि मदद से कैंसर के उपचार और बचाव को प्रभावी बनाया जा सकता है। ऐसा भी माना जाता है कि कैंसर के उपचार और रोकथाम के लिए प्राकृतिक नुस्खों की मदद भी ली जा सकती है। डेंडलाइन का फूल जिसे कामफूल के नाम से भी जाना जाता है, के फूल के बारे में भी ऐसा माना जाता है कि इसमें कैंसर से लड़ सकने वाले असाधारण औषधीय गुण होते हैं।



**कैंसर से लड़ने की क्षमता:** डेंडलाइन का फूल, खासतौर पर इसकी जड़ में असंख्य विटामिन और खनिज होते हैं, जोकि मानव प्रणाली को स्वस्थ रखने के लिए आवश्यक होते हैं। डेंडलाइन का फूल विटामिन डी, सी और बी, आयरन, सिलिकॉन, जिंक व पोटेशियम आदि पोषक तत्वों का शरीर में संचार करता है। इन सबके मनुष्य के लिए विभिन्न स्वास्थ्य लाभ होते हैं। यह फूल कोशिकाओं को पोषण देता है और प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाता है। इसके साथ - साथ डेंडलाइन कब्ज, गुर्दे और यकृत रोग, पीलिया, वायरल फ्लू, आदि को भी दूर कर सकता है। यह फूल नई बनी मां के दूध का उत्पादन भी कुशलता से बढ़ा सकता है। डेंडलाइन के फूल को एक उत्कृष्ट रक्त शोधक भी माना जाता है, जो कि चयापचय दर को ठीक बनाए रखने और रक्त विकारों को रोकने में मदद करता है। इस सभी स्वास्थ्य लाभों के साथ डेंडलाइन में कैंसर से लजडने की काबिलियत बी होती है।

विभिन्न अनुसंधान अध्ययनों से पता चलता है कि डेंडलाइन की जड़ में कैंसर कोशिकाओं को नष्ट कर सकने वाले गुण होते हैं।

# जानें पोकवीड केब हर्ब्स के गुणों के बारे में

**पोकवीड** एक बारहमासी जड़ीबूटी है, जो पूर्वी उत्तर अमेरिका का मूल निवासी है और दुनिया भर में इसकी खेती की जाती है। इसके बेरीज् और सूखी जड़ों का इस्तेमाल हर्बल उपचार में किया जाता है। पोकवीड सप्लीमेंट अर्क, टिंचर, पाउडर और पुलटिस के रूप में उपलब्ध है। पोकवीड के लिए कोई मानक खुराक निश्चित नहीं हैं।



### पोकवीड के गुण

पोक एंटीबायोटिक, एंटी-इंफ्लेमेंटरी, एंटी-रूमेटिक, एंटी-स्कर्वीजनक, एंटी-सिफिलिटिक और एंटी-ट्यूमर के रूप में कार्य करता है। इस संयंत्र के कुछ हिस्सों जैसे बेरीज् और जड़ों को हर्बल उपचार के लिए उपयोग किया जाता है। पोकवीड एक तीखी कड़वी जड़ी-बूटी है जो प्रतिरक्षा और लसीका प्रणालियों के कार्य में मददगार होती है।

### बीमारियों के लिए पोकवीड

पोकवीड की जड़ का इस्तेमाल दर्दनाक मसल्स, जोड़ों (गठिया) के लिए इस्तेमाल किया जाता है। साथ ही यह नाक, गला, और सीने में सूजन के अलावा टांसिलाइटिस, कर्कश गले, लसीका ग्रंथियों की सूजन, ब्रेस्ट में दर्द और सूजन किया जाता है। परंपरागत रूप से, हालांकि, पोकवीड जड़ का इस्तेमाल कभी कभार ही करना चाहिए। अमेरिका के मूल निवासी पोकवीड का चिकित्सा के रूप में इसकी जड़ का सबसे आम उपयोग उल्टी को प्रेरित करने के लिए रेचक के रूप में होता है। बेरीज् को भोजन में रंग एजेंट के रूप में भी इस्तेमाल किया जाता है, और वास्तव में अभी भी खाद्य उद्योग में इसका प्रयोग किया जाता है। जब इसे कच्चा खाया जाता है तो संयंत्र द्वारा उत्पादित एंजाइम जैसे लेक्टिंस लाल रक्त कोशिकाओं आपस में जुड़ जाती है। लेक्टिंस चिपकने वाले प्रोटीन हैं। ऐसे लेक्टिंस जो ब्लड टाइप के साथ मेल नहीं खाते, शरीर की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाते हैं। भोजन से आने वाले कई लेक्टिंस हानिकारक नहीं होते हैं, लेकिन थोड़ा बहुत असर होता है। अगर ये लेक्टिंस ब्लड ग्रुप के साथ मेल नहीं खाता, तो शरीर में जलन, सूजन हो सकती है। पोकवीड को अवसादरोधी दवाओं, डिसुलफिरम, ओरल गर्भ निरोधकों और प्रजनन की दवाएं ले रहे लोगों को द्वारा प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए। हमेशा किसी भी जड़ी बूटियों कको लेने से पहले अपने चिकित्सक और फार्मासिस्ट बताओ।

### महिलाओं के लिए पोकवीड

पोकवीड महिलाओं की कई विशिष्ट बीमारियों को दूर करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। एंडोमेट्रिओसिस, पोकवीड के निर्धारित उपयोग के साथ हटाया जा सकता है। पीरियड्स से पहले ब्रेस्ट और पेट में दर्द को भी इसके इस्तेमाल से दूर किया जा सकता है। पोकवीड की जड़ में थोड़ी सी मात्रा मे तेल मिलाकर पेट पर हल्के हाथों से रगड़ने से आराम मिलता है। वैकल्पिक रूप से टिंचर की कम खुराक इस्तेमाल की जानी चाहिए। इन्टर्स्टिशल सिस्टाइटिस एक और भड़काऊ बीमारी है जिसे इसी टिंचर से ठीक किया जा सकता है। बवासीर के दर्द को भी इसकी जड़ों के सत्व से ठीक किया जा सकता है।



### पोकवीड को इस्तेमाल कैसे करें

परंपरागत रूप से, पोकवीड के लाल पत्तों को लाकर पानी में उबलकर, अच्छे से निचोड़कर निकाल लें। फिर एक बार और उबला लें। ऐसा कम से कम तीन बार करना चाहिए और हर बार पानी को बाहर फेंक देना चाहिए। इन उबले हुए पत्तों का इस्तेमाल सलाद के रूप में या चाय के रूप में किया जा सकता है। इसके अलावा, यंग शूट को शतावरी के विकल्प के रूप में भी खाया जा सकता है। बेरीज् से रेड जूस निकाल कर फिर इसे पकाया जाता है। इस जूस का इस्तेमाल पाइ बनाने के लिए किया जाता है। इसका इस्तेमाल अन्य जूस में जेली बनाने के लिए भी किया जाता है। पोकवीड के किसी भी हिस्से को कच्चा, असंसाधित नहीं खाया जा सकता है।

### अर्थराइटिस

पुराने दिनों से, रूमेटाइड अर्थराइटिस से जुड़े दर्द और सूजन को दूर करने के लिए इसका इस्तेमाल किया जाता है। इसके लिए टिंचर उपयोगी है। वैकल्पिक रूप से एक या दो सूखी बेरी लेकर उसे पूरा ही खा लें। बहुत कम मात्रा में टिंचर का इस्तेमाल सिर दर्द को कम करने के लिए इस्तेमाल करना चाहिए।

### प्रतिरक्षा प्रणाली में मजबूती

पोकवीड में प्रतिरक्षा प्रणाली से संबंधित रोगों के इलाज की क्षमता भी होती है, क्योंकि इसमें एंटी एड्स दवा के गुण और क्षमता होती है। यह प्रचुर मात्रा में टी-कोशिकाओं पर परस्पर प्रभाव डाल प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करता है।

### श्वसन संक्रमण का इलाज

पोकवीड के काढ़े का सामान्यत गले में दर्द और टांसिलाइटिस, ग्रसनीशोथ, अपच जैसे श्वसन संक्रमण के इलाज के लिए उपयोग किया जाता है, यह ग्रंथियों की सूजन और पुराने संक्रमण के इलाज में भी कारगर है।

### कैंसर का इलाज

जल्द ही पोकवीड ने कैंसर का इलाज करने की क्षमता हासिल कर लोक्रिपयता प्राप्त कर ली है, विशेष रूप से स्तन और गर्भाशय के कैंसर के लिए। शोधों से पता चला है कि कैंसर की प्राकृतिक चिकित्सा के लिए यह जड़ी-बूटी बहुत ही फायदेमंद है। पोक की जड़ एंटीटॉक्सिन थेरेपी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जो कुछ प्रकार के ट्यूमर विकास में बाधा उत्पन्न करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

## रेसिपी



### बटर गार्लिक फ्राइड राइस

**सामग्री**

दो कप पके हुए चावल, लहसुन की 6 कलियां बारीक कटी हुईं, आधा कप हरा लहसुन बारीक कटा हुआ, एक प्याज बारीक कटा हुआ, एक बड़ी चम्मच फ्रेंच बींस बारीक कटी हुई, आधा कप पत्तागोभी बारीक कटी हुई, आधा कप फूलगोभी बारीक कटी हुई, एक गाजर छीलकर कद्दूकस कर लें, एक बड़ा चम्मच लहसुन का पेस्ट, दो बड़े चम्मच मक्खन, स्वादानुसार नमक

**विधि**

गैस पर नॉन स्टिक पैन में मक्खन गर्म करें। इसमें लहसुन और प्याज डालकर मध्यम आंच पर एक मिनट तक फ्राई करें। अब पैन में फ्रेंच बींस, फूलगोभी, पत्तागोभी, गाजर और नमक डालकर मिक्स करें। अब पके चावल, लहसुन का पेस्ट और थोड़ा पानी छिड़ककर इन्हें मिलाएं। अब हरा लहसुन डालकर इसे मिक्स करें। फिर पैन को ढक दें और धीमी आंच पर इसे 3 से 4 मिनट तक पकाएं। गैस को बंद करे 2 मिनट बाद पैन का ढक्कन खोलकर चावल को अच्छी तरह चलाएं। तैयार है बटर गार्लिक फ्राइड राइस। इन्हें प्लेट में निकालकर गर्मागर्म सर्व करें।



### चिल्ली पनीर

**सामग्री**

पनीर - 300 ग्राम, ग्रीन कैप्सीकम - 1 (कटी हुई), रैड कैप्सीकम - 1 (कटी हुई), कार्न फ्लोर - 3-4 स्पून, टमाटो सास - 1/4 कप, तेल- 3 -4 चम्मच, सिरका-2 छोटी चम्मच, सोया सास- 2 छोटी चम्मच, चिल्ली सास- 2 छोटी चम्मच, हरी मिर्च - 2-3 (छोटी काटी हुई), अदरक - 1 इंच टुकड़ा (कद्दूकस), नमक स्वादानुसार, काली मिर्च पाउडर- 1/4 छोटी चम्मच, चिल्ली फ्लेक्स -1/4 छोटी चम्मच, अजीनो मोटो-2 पिंच, पोदीना के पत्ते- 12

**विधि**

पनीर क्यूब्स को एक बाउल में रखें, उसमें डालें नमक, अदरक-लसहुन पेस्ट, मैदा, 1 छोटा चम्मच टोमाटो चिल्ली सॉस और अच्छे से मिलाएं। हरे प्याज को मोटा-मोटा काटें। एक नॉन स्टिक पैन में 2 बड़े चम्मच तेल गरम करें। लाल मिर्चों के छोटे टुकड़े करके उनके बीज निकालें और पैन में डालें। फिर हरे प्याज डालकर भूने। पैन में शिमला मिर्चे डालें और अच्छी तरह मिलाएं। नमक डालकर कुछ देर पकाएं। 1 बड़ा चममच टोमाटो चिल्ली सॉस डालें और 2 मिनिट तक पकने दें फिर आंच बुझा दें। पनीर के क्यूब्स को पैन में डालें और अच्छी तरह मिलाएं। गारमागरम परोसें।

# लोकतंत्र को जीवन देती है शिक्षा: उपराष्ट्रपति



## एमिटी विश्वविद्यालय में कुलपतियों के राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

**नोएडा (चेतना मंच)।** एमिटी विश्वविद्यालय में भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) द्वारा एआईयू की उत्कृष्टता के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कुलपतियों के सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ भारत के उपराष्ट्रपति महामहिम जगदीप धनखड़, एमिटी शिक्षण समूह के संस्थापक अध्यक्ष डा अशोक कुमार चौहान, उत्तर प्रदेश सरकार के आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री सुनील कुमार शर्मा, गौतमबुद्धनगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा और भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) के अध्यक्ष डा विनय कुमार पाठक द्वारा किया गया। इस सम्मेलन में 300 से अधिक कुलपति ने उपस्थित रहकर और 200 कुलपतियों ने ऑनलाइन हिस्सा लिया।

जगदीप धनखड़ ने सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कि एमिटी विश्वविद्यालय एक महान संस्थान है जिसने वैश्विक मान्यता प्राप्त की है। मैं एआईयू को इसकी स्थापना के 99 वर्ष पूरे करने पर हार्दिक बधाई देता हूं। आज का दिन हमारे राष्ट्र के इतिहास का एक महान दिन है क्योंकि आज डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का "बलिदान दिवस" है, जो धरती के बलिदानी सपूतों में से एक थे जिन्होंने 1952 में जम्मू और कश्मीर राज्य में अभियान के दौरान – एक विधान, एक निशान और एक प्रधान का नारा दिया था। उन्होंने कहा कि हमने बहुत लंबे समय तक अनुच्छेद 370 से पीड़ित रहे जिसने हमें और जम्मू और कश्मीर राज्य को लहूलुहान कर दिया। अनुच्छेद 370 और



अनुच्छेद 35ए ने लोगों को उनके मूल मानवाधिकारों और मौलिक अधिकारों से वंचित किया। इसे 5 अगस्त 2019 को निरस्त कर दिया गया और 11 दिसंबर 2023 को सुप्रीम कोर्ट में कानूनी चुनौती विफल हो गई।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर प्रकाश डालते हुए, श्री धनखड़ ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने वास्तव में हमारी शिक्षा के परिदृश्य को बदल दिया है। इस नीति के विकास के लिए हजारों लोगों के हाथों में कुछ प्रमुख इनपुट को ध्यान में रखा गया था, जो हमारी सभ्यता की भावना, सार और लोकाचार के साथ प्रतिध्वनित होते हैं। मेरा दृ? विश्वास है कि शिक्षा एक महान समानता लाने वाला है और यह ऐसी समानता लाता है जैसा कोई अन्य तंत्र नहीं करता है, शिक्षा असमानताओं को खत्म करती है और लोकतंत्र को जीवन देती है। उत्तर प्रदेश सरकार को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि मैं उत्तर प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री को बधाई देता हूं, जिन्होंने आईटी को उद्योग का दर्जा देकर एक बड़ी पहल की है।

उभरते क्षेत्रों में नेतृत्व स्थापित करने के आह्वान के साथ अपने संबोधन का समापन करते हुए, उपराष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जलवायु परिवर्तन, जलवायु प्रौद्योगिकी, क्वांटम विज्ञान, डिजिटल नैतिकता जैसे उभरते क्षेत्रों में बेजोड़ उत्कृष्टता के संस्थान स्थापित करें, जब भारत नेतृत्व करेगा, तो अन्य लोग उसका अनुसरण करेंगे। शिक्षा केवल सार्वजनिक भलाई के लिए नहीं है; यह हमारी सबसे रणनीतिक राष्ट्रीय संपत्ति है।

एमिटी शिक्षण समूह के संस्थापक अध्यक्ष डा अशोक कुमार चौहान ने कहा कि मैं उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने अपने अत्यंत व्यस्त कार्यक्रम से समय निकालकर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र की शोभा बढ़ाई।

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने एमिटी विश्वविद्यालय में "एक पेड़ माँ के नाम" पहल के तहत एक पौधा लगाया।

# टाइम्स सम्मान समारोह में कमिश्नरेट के 16 पुलिसकर्मी सम्मानित



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा स्थित जी एल बजाज इंस्टीट्यूट में आज पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के ऐसे 16 पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने न केवल अपने कर्तव्य पालन में उत्कृष्ट कार्य किया है बल्कि देश दुनिया में भी नाम कमाया है।समारोह की मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने इस अवसर पर पुलिस प्रशासन को ऐसे लोगों के जीवन में खुशियां भरने का आह्वान किया जो गरीबी के कारण जीवन स्तर के सबसे निचले पायदान पर हैं।

जीएल बजाज इंस्टीट्यूट में टाइम्स ग्रुप द्वारा आयोजित इस विशेष सम्मान समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में परचम लहरा रही अनेक हस्तियां उपस्थित थीं। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने सर्वश्रेष्ठ सीसीटीएनएस पुलिस स्टेशन– थाना कासना,एक टीम द्वारा सुलझाया गया सबसे कठिन और चुनौतीपूर्ण मामला– थाना बिसरख से उप–निरीक्षक राकेश बाबू व टीम,सर्वेश्रेष्ठ एल0आई0यू0 अधिकारी– एल0आई0यू0 से उप–निरीक्षक राकेश चौहान,सर्वेश्रेष्ठ 'रिकवरी'– निरीक्षक यतेन्द्र कुमार, स्वॉट टीम प्रभारी व टीम। (अफ्रीकी मूल के अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 200 करोड़ रुपये मूल्य के अवैध मादक पदार्थों की बरामदगी की गई।

सर्वेश्रेष्ठ 'कनविक्शन'– पुलिस कार्यालय सूरजपुर से महिला मुख्य आरक्षी मुनेश्वरी देवी,सर्वश्रेष्ठ पुलिस स्टेशन प्रबंधन– धर्म प्रकाश शुक्ल प्रभारी निरीक्षक थाना सेक्टर–20,पुलिस विभाग का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी– महिला मुख्य आरक्षी प्रियंका अरोड़ा, सर्वश्रेष्ठ फायरमैन– फायरमैन देवेन्द्र सिंह,सर्वश्रेष्ठ प्रथम रेस्पॉन्डर (112)– पीआरवी कमाण्डर आरक्षी विवेक कुमार, सर्वश्रेष्ठ सामुदायिक पुलिस अधिकारी (महिला–बीट)– थाना जेवर से महिला उप–निरीक्षक अंकिता पटेल,सर्वश्रेष्ठ मीडिया प्रबंधन– प्रभारी निरीक्षक मीडिया सेल सुबोध कुमार तोमर, सर्वश्रेष्ठ महिला पुलिस अधिकारी(तीनों जोन)– थाना सेक्टर–20 से महिला उप–निरीक्षक शिल्पा चिकारा,सर्वश्रेष्ठ यातायात पुलिस अधिकारी– यातायात पुलिस से मुख्य आरक्षी– अशोक कुमार ,सर्वश्रेष्ठ पुलिस नागरिक सेवा थाना (आईजीआरएस व मुख्यमंत्री दर्पण डैश बोर्ड)– जितेन्द्र कुमार प्रभारी निरीक्षक, थाना सेक्टर–39सर्वश्रेष्ठ प्रोएक्टिव राजपत्रित अधिकारी– (I) प्रवीण कुमार सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त, प्रथम नोएडा, अरविन्द कुमार, सहायक पुलिस आयुक्त, तृतीय ग्रेटर नोएडा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम के दौरान जनपद गौतमबुद्धनगर के सांसद डॉ महेश शर्मा, विधायक तेजपाल नागर, पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर श्रीमती लक्ष्मी सिंह, मनीष वर्मा जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर, अपर पुलिस आयुक्त अजय कुमार, डीसीपी मुख्यालय रवि शंकर निम, डीसीपी ग्रेटर नोएडा साद मियां खान एवं अन्य पुलिस अधिकारी तथा जीएल बजाज संस्थान के अध्यक्ष डॉ आर के अग्रवाल, उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, टाइम्स ऑफ इण्डिया के सीओओ मोहित जैन आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# संगत व पंगत के सिद्धांत को कभी न छोड़ें: विजय कौशल

## संयुक्त परिवार आज के समय की आवश्यकता है : डॉ. महेश शर्मा

**नोएडा (चेतना मंच)।** मंगलमय परिवार द्वारा सेक्टर 12 स्थित भाऊराव देवरस स्कूल में कुटुंब प्रमुख सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर चौथी पीढ़ी के बुजुर्गों का फूल–माला एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। यह सम्मान सुप्रसिद्ध कथावाचक विजय कौशल जी महाराज एवं क्षेत्रीय सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ महेश शर्मा के द्वारा दिया गया है।

समारोह मे नोएडा के 20 उन परिवारों को सम्मानित किया जिनकी चार पीढ़ी एक छत के नीचे एक साथ रह रही है एवम कुटुंब प्रमुख की आयु 80 वर्ष से अधिक है।

समारोह के मुख्य अतिथि डा. महेश शर्मा, सासंद (गौतमबुद्ध नगर) ने सभी कुटुंब प्रमुख का



सम्मान किया।अपने सम्बोधन मे उन्होने सयुंक्त परिवार को आज के समय की आवश्यकता बताया और कहा कि मंगलमय परिवार, नोएडा ने इस आयोजन के द्वारा नोएडा ही नही अपितु पुरे देश को संदेश दिया है कि सयुंक्त परिवार का बहुत महत्व है। इस अवसर पर मंगलमय परिवार के अध्यक्ष महेश बाबू गुप्ता, सचिव प्रवीण शर्मा, प्रमोद कुमार शर्मा, परमात्म शरण बंसल, एन के अग्रवाल, नैवेद्य शर्मा, मुकुल बाजपेई, डाक्टर नरेश शर्मा, संदीप अग्रवाल, सत्यनारायण गोयल, अजय अग्रवाल, ओम प्रकाश बंसल,नवीन अग्रवाल, महेन्द्र कुमार शाह एवम नोएडा के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# एसीईओ की बिल्डर व ग्रुप हाउसिंग संग बैठक

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ( ग्रुप हाउसिंग ) वंदना त्रिपाठी की अध्यक्षता में G II–1, 2, 3, 4, 8, 9, 11, 16 व 17 के AOA प्रतिनिधियों एवं प्राधिकरण अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में पार्किंग, STP, जल आपूर्ति, हरित पट्टी, अवैध निर्माण आदि मुद्दों पर चर्चा हुई। एसीईओ ने सभी संबंधित विभागों को एक माह में निरीक्षण व समाधान के निर्देश दिए गए।

इस दौरान प्राधिकरण व बिल्डर प्रतिनिधियों को आपसी समन्वय से गुणवत्तापूर्ण समाधान हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि नौएडा प्राधिकरण नागरिक सुविधाओं के समुचित समाधान हेतु सतत प्रतिबद्ध है।



# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को साकार कर रहे हैं प्रधानमंत्री: बेनीवाल




**नोएडा (चेतना मंच)।** भाजपा द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर 'संगोष्ठी' का आयोजन किया गया।यह संगोष्ठी सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल, सी-41 सेक्टर 12 में आयोजित की गई, जिसमें मुख्यवक्ता मोहित बेनीवाल (प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी उ0प्र0) सांसद डॉ महेश शर्मा और जिला अध्यक्ष श्री महेश चौहान रहे।

मोहित बेनीवाल ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपना बलिदान कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने हेतु दिया था। उनके सपनों को साकार करने का काम वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा आगे बढ़ाया जा रहा है।

डॉ महेश शर्मा ने कहा कि डॉ. मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि यही है कि हम सब लोग एक देश में एक निशान के नीचे और एक विधान में काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में अनुच्छेद 370 समाप्त हो गया है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष महेश चौहान ने की। उन्होंने भी इस मौके पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नमन किया और कहा भाजपा के एक–एक कार्यकर्ता को आज खुशी होती है कि 6 अगस्त 2019 को मोदी सरकार ने




अनुच्छेद 370 को धराशायी कर दिया।

इस मौके पर बिमला बाथम, योगेंद्र चौधरी, गणेश जाटव, उमेश यादव, ओमवीर अवाना, तन्मय शंकर, कल्लू सिंह, उमेश त्यागी, डिंम्पल आनन्द, पंकज अग्रवाल, मनीष शर्मा, युधवीर चौहान, महेश अवाना, राकेश शर्मा, प्रमोद बहल, अमरीश त्यागी, चमन अवाना, संजय बाली, अशोक मिश्रा, पूनम सिंह, गोपाल गौर, बबलू यादव, मुक्ता नंद शर्मा, शिवांश श्रीवास्तव, आदि लोग मजूद रहे।

